दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 54
कोटद्वार गुरूवार
15 जून 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये


# पुरोला लव जिहाद विवाद में 19 जून तक धारा 144 लागू

## हिंदू संगठनों ने महापंचायत की डेट बदली

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड में सांप्रदायिक तनाव पर टेंशन जारी है। उत्तरकाशी जिले में पुरोला लव जिहाद विवाद पर हिंदू संगठनों का विरोध जारी है। पुरोला में 15 जून को प्रस्तावित महापंचायत के बाद उत्तराखंड सरकार की ओर से 19 जून तक धारा 144 लागू कर सख्ती की गई है।

इसी के बीच हिंदू संगठना लव जिहाद विवाद पर पीछे हटने को तैयार नहीं है। यमुनाघाटी के व्यापारियों ने 15 जून को बाजार बंद करने का ऐलान किया है।

हिंदू संगठनों ने महापंचायत की डेट बदल ली है। उत्तरकाशी पहुंचे विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष अनुज वालिया ने पहाड़ में लव जिहाद जैसी घटनाओं पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि पुरोला में महापंचायत रोकने की हिंदुओं के खिलाफ बड़ी साजिश है। महापंचायत को शांतिपूर्ण ढंग से किया जाना था, लेकिन धारा 144 लागू कर प्रशासन ने जिहादियों को संरक्षण देने का काम किया है।

धारा 144 लागू होने पर भी महापंचायत से पीछे नहीं हटेंगे। 19 जून के बाद कभी भी महापंचायत कर सकते हैं। बुधवार को उत्तरकाशी पहुंचे अनुज वालिया ने हनुमान मंदिर में विभिन्न धार्मिक संगठनों के साथ मिलकर सनातन धर्म भारतीय संस्कृति से युवकों को जोड़ने के लिए कार्यकर्ताओं का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि लव जिहाद को लेकर पुरोला की धरती से आज पूरे देश में बड़ा संदेश गया है। लव जिहाद के खिलाफ जो आवाज उत्तरकाशी जिले से उठी है, वह अपने आप में मिसाल है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की बहू-बेटियों को लव जिहाद से बचाने के लिए शांतिपूवर्क तरीके से महापंचायत रखी गई, लेकिन जिला प्रशासन से हिंदू समाज को दबाने का काम किया है।

आज ही धारा 144 लागू कर दी गई। इससे पहले जब इतना बवाल हुआ, तब जिला प्रशासन कहां सो रहा था। वालिया ने कहा कि राज्य सरकार से ऐसे अफसरों को हटाने की मांग रखेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन ने मुस्लिम लीडर असदुद्दीन ओवैसी के दबाव आकर महापंचायत को रोका है।सुप्रीम कोर्ट का भी अभी रोक को लेकर कोई आदेश नहीं आया है। हिंदू समाज और अपनी बहू-बेटियों के अधिकारों की लड़ाई लड़ेंगे। किसी से डरने वाले नहीं है। इस मौके पर अजय बडोला, यशपाल वशिष्ठ, सरिता पडियार, किरन पंवार, उषा जोशी, गीता गैरोला आदि थे।

सीओ पुलिस सुरेंद्र भंडारी ने बताया कि संभावित महापंचायत को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में है तथा सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल एव पीएसी तैनात की गई है। सभी के संगठनों साथ बैठक कर सहयोग की अपील की गई। एसडीएम देवानंद शर्मा ने बताया कि महा पंचायत को देखते हुए क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से धारा 144 लागू कर दी गई है व क्षेत्र के सभी संगठनों के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था मामले में सहयोग देने की अपील की गई है साथ ही किसी भी व्यक्ति व संगठन को शांतिपूर्ण माहौल खराब नहीं करने दिया जायेगा।

## समुदाय विशेष के पलायन का मामला प्रधानमंत्री के पास पहुंचा

**देहरादून, एजेंसी।** पुरोला से नाबालिग लड़की को भगाने के प्रयास और समुदाय विशेष के पलायन का मामला प्रधानमंत्री के पास पहुंच गया है। उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर कहा, कुछ लोग मामले को सांप्रदायिक रंग देकर 70 साल से उत्तरकाशी में रहे लोगों को निशाना बना रहे हैं।आयोग की ओर से लिखे पत्र में कहा गया है, उत्तरकाशी से समुदाय विशेष के लोगों ने आयोग को इससे संबंधित प्रार्थना पत्र, फोटो और वीडियो भेजे हैं। भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चे के जिलाध्यक्ष को भी दुकान व मकान खाली कर उत्तरकाशी से जाने के लिए मजबूर किया जा रहा है। लगभग 45 दुकानों में तोड़ फोड़ की घटनाएं सामने आई हैं। जिसके बाद से समुदाय विशेष के लोग डर व खौफ में हैं।आयोग के उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब ने कहा दुख के साथ बताना पड़ रहा है, हमारी स्थिति अपने समाज में भी दयनीय है और भाजपा में भी। आयोग के उपाध्यक्ष ने कहा पुरोला से समुदाय विशेष के लोगों को पलायन करने से रोका जाए। उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए। अपराध करने वालों को बख्शा न जाए, लेकिन अपराध की आड़ में निर्देशों के साथ अन्याय न हो। सोशल मीडिया के माध्यम से गलत पोस्ट डालने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाए।

## पुरोला में लोगों से सौहार्द और शांति की अपील



15 जून को पुरोला में संभावित महापंचायत के चलते क्षेत्र में शांति पूर्ण व्यवस्था को लेकर बुधवार को प्रशासन ने नगर क्षेत्र में धारा 144 लागू करने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किये हैं। प्रशासनिक अधिकारियों ने क्षेत्र के लोगों के साथ पीस बैठक कर सौहार्द और शांति की अपील की तथा धारा 144 के उल्लंघन पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही। बुधवार को अपर जिलाधिकारी तीर्थ पाल, पुलिस सीओ एसएस भंडारी व प्रशांत कुमार ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व व्यापार मंडल पदाधिकारियों सहित विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठनों के साथ बैठक कर शांति व्यवस्था बनाने में सहयोग की अपील की। साथ ही धारा 144 के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में अपर जिलाधिकारी तीर्थ पाल ने कहा कि महा पंचायत के बहाने किसी भी कीमत पर क्षेत्र का सौहार्द, शांति पूर्ण माहौल खराब नहीं होने दिया जाएगा। धारा 144 का सख्ती से पालन करने व दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही। हालांकि, महापंचायत के आयोजन को लेकर कोई संगठन बैठक में सामने नहीं आया। न ही किसी ने सार्वजनिक जिम्मेदारी ली।

पुलिस सीओ एसएस भंडारी व प्रशांत कुमार ने सभी संगठनों से क्षेत्र, जनपद तथा प्रदेश की बदनामी एवं बिगड़ते हालातों का हवाला देकर लोगों से महापंचायत को स्थगित करने की अपील की। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष बृजमोहन चौहान, सामाजिक कार्यकर्ता बलदेव असवाल आदि थे।

## नीतीश कुमार का बड़ा बयान- 2023 में ही हो सकता है लोकसभा चुनाव

**पटना, एजेंसी।** लोकसभा का चुनाव 2024 में होने के बजाय समय से पहले 2023 में ही हो सकता है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ऐसी आशंका जताई है।

दरअसल, पटना में बुधवार को सीएम नीतीश कुमार 5,061 योजनाओं का शिलान्यास, कार्यारंभ एवं उद्घाटन के मौके पर अफसरों से यह बात बोल रहे थे।इस मौके नीतीश कुमार ने समय से पहले लोकसभा चुनाव होने की आशंका जताई और अपने अफसरों को जल्द काम निबटाने के निर्देश भी दिए। कार्यक्रम के दौरान नीतीश कुमार ने अधिकारियों से काम को जल्दी निपटाने के लिए कहा। इसके साथ ही नीतीश ने कहा कि आप लोग तो कह रहे हैं कि जनवरी 2024 तक कर लेंगे, लेकिन हम तो आग्रह करेंगे कि और जल्दी कीजिए।

## गंडक नदी में नहाते समय डूब रहे बच्चे को बचाने के चक्कर में पांच लोगों की मौत, दो की हालत गंभीर

**देवरिया , एजेंसी।** देवरिया के तरकुलवा थाना क्षेत्र के रतनपुरा घाट पर स्नान करते समय नदी में डूब रहे एक बालक को बचाने के चक्कर में पांच लोगों की डूबने से मौत हो गई। जबकि दो की हालत गंभीर बनी हुई है। तरकुलवा थाना क्षेत्र के पचरूखिया गांव निवासी कुछ महिलाएं बच्चों के साथ छोटी गंडक नदी के किनारे गई थीं।

## पेपरलीक घपलेबाजों ने करीबियों के नाम पर खनन और शराब कारोबार में लगाया है पैसा

**देहरादून।** यूकेएसएसएससी पेपर लीक के घपलेबाजों पर ईडी की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। पेपरलीक से मिली रकम को खनन और शराब कारोबार में लगाकर काले धन से सफेद किया जा रहा था। बुधवार को देहरादून स्थित ईडी कार्यालय में मंगलवार को हुई कार्रवाई की समीक्षा की गई। प्रवर्तन निदेशालय की टीमों ने मंगलवार को देहरादून के साथ ही रामनगर, काशीपुर, धामपुर में पेपरलीक के घपलेबाजों के ठिकानों पर कार्रवाई की थी। ईडी की ओर से इनकी संपत्ति को अटैच करने के लिए उसका मूल्यांकन किया जा रहा है। कार्रवाई के बाद बुधवार को सभी टीमें दून वापस लौट आई। सूत्रों के मुताबिक अब तक की जांच में भर्ती घपले के आरोपियों की संपत्तियों के साथ ही उनके करीबियों का ब्यौरा जुटाया गया है। जांच में पता चला है कि आरोपियों ने अपने करीबियों के नाम पर खनन और शराब के धंधे में भी पैसा लगाया हुआ था। आरोपियों के बैंक खातों के पांच साल का रिकार्ड की भी जांच कर रही है। शुरूआती जांच में पता लगा है कि बड़े पैमाने पर एक ही रकम एक-खाते से दूसरे खाते में नियमित अंतराल पर ट्रांसफर की जा रही थी। बुधवार को दून लौटी टीमों ने उच्चाधिकारियों को कार्रवाई का ब्यौरा दिया।

उत्तरकाशी से भी लौट आई टीमः ईडी ने हाकम देहरादून स्थित आवास के साथ ही उत्तरकाशी में भी संपत्ति का मूल्यांकन किया है। उत्तरकाशी से ईडी की टीम बुधवार दोपहर में देहरादून लौटी है।




# चार पेटी शराब के साथ दो नेपाली पकड़े



रुद्रप्रयाग : प्रचलित केदारनाथ धाम यात्रा को सुगम, सरल, भयमुक्त व सुरक्षित बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक, रुद्रप्रयाग ने सभी अधीनस्थ प्रभारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये हैं। उनके द्वारा यात्रा मार्गों पर शराब तस्करी की शिकायतों पर प्रभावी कार्यवाही किये जाने के भी निर्देश दिये गये थे। इन शिकायतों व पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग द्वारा दिये गये निर्देशों को सभी अधीनस्थ प्रभारियों द्वारा गम्भीरता से लेते हुए सघन चेकिंग, प्रभावी सूचना तन्त्र गठित कर प्रचलित यात्रा अवधि में कुत्सित इरादे के साथ शराब तस्करी करने वालों की निरन्तर धर–पकड़ की जा रही है। पुलिस के द्वारा इस प्रकार के कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध निरन्तर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस उपाधीक्षक गुप्तकाशी के पर्यवेक्षण में व थाना प्रभारी गुप्तकाशी व चौकी प्रभारी फाटा के नेतृत्व में चौकी फाटा, थाना गुप्तकाशी पुलिस द्वारा 02 नेपालियों को उनके पिट्ठू बैग में 24-24 बोतल (कुल 48 बोतल यानि 04 पेटी) अवैध शराब का परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया गया है। जिनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अलग–अलग 02 अभियोग पंजीकृत किये गये हैं। अभियुक्तों का विवरण रॉबिन पुत्र राम सिंह डॉगी निवासी गांव तुलसीपुर पो0 डॉग, जिला डॉग, ऑचल राप्ती, नेपाल, हाल गौरीकुण्ड। अमृत पुत्र नीम बहादुर, निवासी गांव तुलसीपुर पो0 डॉग, जिला डॉग, ऑचल राप्ती, नेपाल, हाल गौरीकुण्ड। जनपद रुद्रप्रयाग में इस वर्ष की श्री केदारनाथ धाम की यात्रा हेतु बाबा के कपाट 25 अप्रैल 2023 को खुले हैं तब से और आज तक कुल 51 दिनों के भीतर जनपद रुद्रप्रयाग पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी, परिवहन, विक्रय, भण्डारण इत्यादि से सम्बन्धित कुल 29 मुकदमें पंजीकृत किये गये हैं, जिनमें संलिप्त 37 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, 880 बोतल शराब की बरामदगी की गयी है, इस बरामदा शराब का अनुमानित मूल्य 572,000 रुपये है। जनपद रुद्रप्रयाग पुलिस के स्तर से अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध अभियान निरन्तर जारी है। जनपद रुद्रप्रयाग पुलिस सरल, सुखद, सुव्यवस्थित, भयमुक्त व सुरक्षित श्री केदारनाथ यात्रा कराये जाने हेतु प्रतिबद्ध है। (एजेंसी)

## रानीखेत में अग्निवीर सेना भर्ती रैली 20 जून से

देहरादून। कुमाऊं रेजीमेंट सेंटर रानीखेत में 20 जून से अग्निवीर भर्ती रैली होगी। भर्ती प्रक्रिया में बदलाव के बाद यह पहली अग्निवीर भर्ती है। जिसमें उत्तराखंड और यूपी के युवा शामिल होंगे। इस रैली में ऑनलाइन परीक्षा की मेरिट में आए युवा ही शामिल होंगे। सेना भर्ती कार्यालय के निदेशक(भर्ती) आदित्य कुमार मिश्रा की ओर से भर्ती रैली की सूचना जारी की गई है।

इसमें बताया गया है कि इस साल अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में बदलाव करते हुए पहले ऑनलाइन भर्ती परीक्षा कराई गई थी। भर्ती परीक्षा में सफल युवाओं को शारीरिक परीक्षा के लिए 20 जून से 15 जुलाई तक रानीखेत के सोमनाथ स्टेडियम में बुलाया गया है। इसमें अग्निवीर की सभी श्रेणियों के लिए भर्ती की जानी है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को शारीरिक और चिकित्सा परीक्षण परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं।

# मसूरी महाधिवेशन में नए सिरे से बनेगी यूकेडी की प्रदेशस्तरीय कार्यकारिणी



ऋषिकेश। कुमाऊं मंडल के पिथौरागढ़ में प्रस्तावित यूकेडी के महाधिवेशन से किनारा कर दल का दूसरा गुट आगामी 24 और 25 जुलाई को मसूरी में महाधिवेशन आयोजित करेगा। इस महाधिवेशन में नए सिरे से यूकेडी की प्रदेशस्तरीय कार्यकारिणी गठित की जाएगी। बुधवार को ऋषिकेश प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता में यूकेडी के वरिष्ठ नेता जयप्रकाश उपाध्याय और लताफत हुसैन ने कहा कि मसूरी महाधिवेशन ऐतिहासिक होगा। इसमें यूकेडी का जनता के लिए दोबारा जन्म होगा। महाधिवेशन में प्रदेश में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, लचर कानून व्यवस्था और एक समुदाय के लोगों को निशाना बनाने समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी। इस दौरान राजनीतिक प्रस्ताव के साथ दल के सालभर के कार्यक्रम पारित किए जाएंगे। वरिष्ठ नेता उपाध्याय ने आरोप लगाया कि दल के वरिष्ठ नेताओं ने अपना हित साधने और आपसी मनमुटाव के चलते दल को हाशिए पर लाकर खड़ा कर दिया है। शीर्ष नेताओं को जनता की भावनाओं और कार्यकर्ताओं के सम्मान से कोई सरोकार नहीं है। निकाय चुनाव और लोकसभा चुनाव सिर पर हैं, लेकिन शीर्ष नेता अपना हित साधने में जुटे हैं। महाधिवेशन संयोजिका प्रमिला रावत ने कहा कि मसूरी में मजबूत विकल्प ढूंढा जाएगा। अब राष्ट्रीय राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस की नीतियां जनता जान चुकी है। अंकिता हत्याकांड ने उनके चेहरे से नकाब हटा दिया है। पत्रकार वार्ता में संगठन मंत्री सोहन प्रसाद भट्ट, वरिष्ठ नेता सम्राट पंवार, आशीष भट्ट, संजय रावत, अहीर विश्वास, लव थपलियाल, जितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# चोरी के छह दुपहिया वाहनों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



देहरादून। पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चोरी के छह वाहनों के साथ दो आरोपियों के गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस कार्यालय में बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलीप कुंवर ने इसका खुलासा किया। उन्होंने बताया कि बसंत विहार थाने में 11 जून को उत्कर्ष थापा पुत्र प्रकाश थापा निवासी हरियावाला खुर्द ने तहरीर दी थी कि वो जीएमएस रोड पर कोचिंग क्लास के लिए गए थे। इस दौरान उनकी स्कूटी बाहर खड़ी थी। वापस लोटे तो स्कूटी गायब मिली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू की। आसपास के क्षेत्रों के करीब 250 सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए। बुधवार को चैकिंग के दौरान इंदिरानगर कालोनी ट्रांसफार्मर रोड के पास से दो संदिग्ध व्यक्ति स्कूटी पर आते दिखाई दिए। पुलिस के रोकने पर दोनों ने भागने की कोशिश की। लेकिन कुछ दूरी पर दोनों को पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने वाहन चोरी की बात स्वीकार की। उनकी निशानदेही पर चाय बागान खंडहर से पांच और दुपहिया वाहन बरामद हुए। आरोपियों की पहचान राहुल पुत्र विनोद निवासी गांधीग्राम वसंत विहार, शुभम पुत्र गुलशन कुमार निवासी गांधीग्राम वसंत विहार देहरादून के रूप में हुई। आरोपियों के कब्जे से जो अन्य वाहन बरामद हुए हैं, वो उन्होंने अलग–अलग क्षेत्रों से चोरी किए थे। पुलिस पूछताछ में उन्होंने बताया कि वो नशे के आदी हैं। नशे की जरूरतों को पूरा करने के लिए उन्होंने वाहन चोरी किए। बुधवार को भी वो वाहन बेचने जा रहे थे, इससे पहले पुलिस ने उन्हें दबोच लिया।

## पुरोला में मुसलमानों के पलायन पर जताई चिंता

देहरादून। उत्तरकाशी के पुरोला में मुस्लिम समुदाय के व्यवसायियों के मकान व दुकान खाली करने के अल्टीमेटम मसले पर मुस्लिम जमात ने चिंता जताते हुए प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की है। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी, राष्ट्रीय महासचिव हाफिज नूर अहमद अजहरी, उत्तराखंड अध्यक्ष सैय्यद अशरफ कादरी ने पीएम नरेन्द्र मोदी व राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा को पत्र लिखकर उत्तराखंड में मुसलमानों के पलायन को गंभीर मसला बताया है। पत्र में कहा गया है कि पुरोला में मुस्लिम समुदाय के अल्पसंख्यक व्यवसायी मजदूरी करते हैं। मुस्लिम जमात के मीडिया प्रभारी दरगाह आला हजरत बरेली शरीफ ने आरोप लगाया कि, पुरोला में हुए घटनाक्रम के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों के खिलाफ नफरती माहौल बनाया जा रहा है, इससे उनमें डर पैदा हो गया है।

# रूद्रप्रयाग जिले के काश्तकारों के सम्मुख खाद का संकट

रूद्रप्रयाग : उत्तराखंड राज्य बने हुये आज 23 साल हो चुके है लेकिन अभी तक इस प्रदेश ने केवल मुख्यमंत्रियों की फौज तैयार की है। वर्तमान समय मे राज्य सरकार उद्यानीकरण की बात कर रही और कीवी, सेब, नाशपाती जैसे अनेक फलदार पेड़ो की बात पहाड़ों मे लगाने की बात कर रही है जो केवल देहरादून तक ही सीमित है। आज रूद्रप्रयाग जिले का ये हाल है कि यहाँ पर सहकारिता के नाम पर कई बहुउद्देश्यीय सहकारी समितियां कार्यरत है लेकिन किसी भी समिति के पास कोई व्यवसाय नही है अगर थोड़ा बहुत हैं भी तो फिर वे समितिया संसाधन विहीन है। पहले समितियों के पास काश्तकारों के लिए खाद वितरण का साधन था जिससे कि काश्तकारों को समय पर सहकारी समितियों द्वारा खेतो मे डालने के लिए खाद दी जाती थी लेकिन आज आलम यह है कि कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा सहकारी समितियों से खाद का व्यवसाय भी बंद कर दिया जिस कारण से आज रुद्रप्रयाग जिले के काश्तकारों के सामने अपने खेतो मे डालने के लिए खाद का संकट पैदा हो गया है। ज्ञात हो कि वर्ष2015 तत्कालीन सरकार मे कैबिनेट मंत्री रहे हरक सिह रावत द्वारा रूद्रप्रयाग जिले को जैविक जिला घोषित कर दिया गया और गुलाबराय मे जैविक उत्पाद बिपणन केन्द्र भी खोल दिया गया। शुरूआती एक–दो सालो तक उधान विभाग मे उधान विभाग/कृषि विभाग मे कलस्टरों मे चयनित काश्तकारों के लिए जैविक खाद जरूर आयी लेकिन उसके बाद सरकार ने किसानों को जैविक खाद देनी बंद कर दी जिस कारण से काश्तकार आज परेशानी झेलने के लिए मजबूर है। वही रूद्रप्रयाग जिले के अन्तर्गत एक संस्था जो कि गांवो मे जैविक खाद उत्पाद करने के लिये टेट्रा पिट लगवाने का काम कर रही थी उस संस्था द्वारा केवल इन पिटो को लगवाने के नाम पर सरकारी धन का दुरुपयोग किया है दो दिन भी उन पिटो का प्रयोग काश्तकारों के द्वारा नही किया गया है। यही ही नही लाखो रूपये की लागत से मनरेगा, उधान विभाग, कृषि विभाग द्वारा भी गोबर पिट, ब्रह्मी कम्पोस्ट बनवाये गये लेकिन अगर आज जाँच की जाय तो गाँवो मे एक भी गोबर पिट नजर नही आयेंगे। प्रधानमंत्री किसान योजना के अन्तर्गत भी काश्तकारों को उधान विभाग द्वारा जैविक खाद बनाने के लिए कुछ आवश्यक दवाईयां और प्लास्टिक के ड्रम भी दिये गये थे। जो कि लोगो ने उन ड्रमो को घरो मे निजी सामन रखने के प्रयोग मे रखें गये। वरिष्ठ उतराखंड आन्दोलनकारी हयात सिह राणा, सुरेन्द्र प्रसाद सकलानी ने कहा कि जब जैविक जिला बनने के बाद भी जैविक खाद नही आनी थी तो फिर साधन सहकारी समितियों से यूरिया, एनपीके खाद वितरण का कार्य क्यो छीना। उन्होंने कहा कि रासायनिक खाद आज भी बहार से लाकर रूद्रप्रयाग जिले के दर्जनो गाँवो मे दुकानदारो के द्वारा बेची जा रही है क्योंकि काश्तकारों के पास अब कोई और विकल्प नही है कि कि उनको जैविक खाद मिले। (एजेंसी)

## एक नजर

### योजनाओं का अधूरा काम सेहत को पहुंचा रहा नुकसान

देहरादून। नगर निगम ने डोर टू डोर कूड़ा उठान सेवा के अंतर्गत आने वाले समस्त परिवारों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के मालिकों से अपील की है कि किसी भी व्यक्ति को बिना रसीद लिए सफाई यूजर चार्ज नहीं दें। फर्जी रसीदों के जरिए या बिना रसीद दिए कलेक्शन की शिकायतें मिलने के बाद निगम से अनुबंधित कंपनियां वार्डों में सफाई वाहनों के माध्यम से एनाउंसमेंट करवाकर शहरवासियों से अपील कर रही हैं कि निगम की रसीद लेने के बाद ही यूजर चार्ज जमा करें। अनुबंधित कंपनियों के पदाधिकारियों ने खुद नगर निगम से मांग की है कि सफाई यूजर चार्ज कलेक्शन की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए। वार्डों में लोगों से हर माह लाखों रुपये का शुल्क तो वसूल किया जा रहा है। लेकिन निगम के खाते में बहुत कम राशि जमा हो रही है। नगर आयुक्त मनुज गोयल ने स्वास्थ्य अनुभाग को निर्देश दिए हैं कि यूजर चार्ज कलेक्शन समय पर करवाना सुनिश्चित करें। उधर हाल ही शासन की टीम ने नथुआवाला वार्ड और हर्रावाला वार्ड में सफाई व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया था। इन दो वार्डों में हर महीने साढ़े तीन लाख रुपये के करीब यूजर चार्ज कलेक्शन हो रहा है। जबकि शेष 98 वार्डों का कुल कलेक्शन मुश्किल से पंद्रह लाख रुपये ही हो पा रहा है। सरकार ने भी निकायों को यूजर चार्ज कलेक्शन बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

### सहसपुर में नकली पाउडर व खाली कैप्सूल बरामद

देहरादून। सहसपुर क्षेत्र में औषधि विभाग की टीम ने दवा में उपयोग के लिए नकली पाउडर और खाली कैप्सूल की खेप पकड़ी है। टीम ने संदिग्ध पाउडर और कैप्सूल सेल के नमूने जांच के लिए भेजने के साथ बाकी माल जब्त कर लिया है। आयुक्त डॉ.आर राजेश कुमार और औषधि नियंत्रक ताजबर सिंह जग्गी के निर्देश पर बुधवार को सहसपुर थाना क्षेत्र में आशीष की निशानदेही पर खाली कैप्सूल बेचने वाले उसके साथी अनिल के प्रतिष्ठान पर भी छापेमारी की गई।

# सीडीओ ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण, अवशेष कार्य जल्द पूरा करने को कहा





रुद्रप्रयाग : जनपद में निर्माणाधीन योजनाओं का लाभ क्षेत्र वासियों को जल्द से जल्द उपलब्ध हो इसके लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार ने आज जल निगम द्वारा पुनाड गदेरा सुजुगीबगड़ में तैयार किए जा रहे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं जवाड़ी बाइपास में पर्यटन विभाग द्वारा बनाए जा रहे पार्क के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया।मुख्य विकास अधिकारी ने जल निगम द्वारा सुजुगीबगड़ में 3.5 एमएलडी ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करते हुए अधिशासी अभियंता जल निगम को जल्द से अवशेष कार्य को जल्द पूर्ण करना सुनिश्चित करें ताकि नगर वासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। अधिशासी अभियंता जल निगम नवल कुमार ने मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया है कि वाटर ट्रीटमेंट प्लांट हेतु जिला योजना से 350.02 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है जिसमें 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। अवशेष कार्य को शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर वासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराए जाने के लिए पुराने ट्रीटमेंट प्लांट से जोड़कर नव निर्मित फिल्टर यूनिटों को जोड़कर अस्थाई रूप से फिल्टर प्लांट संचालित किया जा रहा है। जवाड़ी बाईपास में पर्यटन विभाग द्वारा तैयार किए जा रहे निर्माणाधीन पार्क को एक सप्ताह के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश कार्यदायी संस्था ग्रामीण निर्माण विभाग को दिए। उन्होंने कहा कि पार्क में जो भी कार्य शेष रह गए हैं उनको एक सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण करना सुनिश्चित करें ताकि पार्क का लाभ स्थानीय जनता को उपलब्ध हो सके।

# किशोरी के आत्महत्या मामले में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा

देहरादून। किशोरी की संदग्धि परस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस उसके दोस्त समेत तीन लोगों के खिलाफ दुष्कर्म, आत्महत्या के लिए उकसाने समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले को लेकर इलाके में अभी भी तनाव का माहौल है और पुलिस इलाके लगातार गश्त कर रही है। तीनों आरोपी फरार चल रहे हैं। लक्ष्मण चौक क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की ने सोमवार रात आत्महत्या कर ली थी। वह फांसी पर लटकी मिली थी, जबकि उसकी हाथ की नसें भी कटीं थी। परिजन निरंजनपुर सब्जी मंडी में सब्जी की ढेली लगाने वाले शादाव कुरैशी पर हत्या का आरोप लगा रहे थे। इधर, पुलिस पूरे मामले को आत्महत्या बता रही थी। इस घटना के बाद इसे इलाके में तनाव की स्थिति थी। बुधवार को भी यहां पुलिस लगातार गश्त पर रही। इधर, कोतवाली पुलिस ने मृतक लड़की के भाई की तहरीर पर आरोपी शादाव कुरैशी, उसके पिता और चाचा के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट, गाली–गलौज करने और आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया है। आरोप है कि युवक ने किशोरी से कई बार जबरन शारीरिक संबंध बनाए। वह उससे मारपीट भी करता था। आरोपी के पिता और चाचा भी इसमें शामिल थे। तीनों किशोरी को कई बार शिमला बाईपास के एक गेस्ट हाउस में ले गए और शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाया। इससे परेशान होकर किशोरी ने आत्महत्या कर ली।

## जापान जाएंगे उत्तराखंड के पांच मेधावी छात्र

देहरादून। उत्तराखंड के पांच स्कूली बच्चों का चयन जापान साइंस एंड टेक्नोलॉजी एजेंसी (जेएसटी) के जापान —एशिया यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम इन साइंस के लिए हुआ है। जो जल्द ही जापान का दौरा करेंगे।

निदेशक अकादमी शोध एवं प्रशिक्षण सीमा जौनसारी ने बताया कि इस वर्ष इस कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर चयनित 60 विद्यार्थियों में पांच उत्तराखंड के हैं। उक्त सभी गत तीन वर्षों में राष्ट्रीय स्तर पर इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता में चयनित हो चुके हैं।

## महापंचायत रोक शांति कायम करे पुलिस

देहरादून। पुरोला की घटना को लेकर पैदा तनाव के बीच कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को मुख्य सचिव और डीजीपी को ज्ञापन सौंपकर प्रदेश में शांति व्यवस्था कायम रखने की मांग की है।

प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधिमंडल ने पुरोला और देहरादून में प्रस्तावित महापंचायत रोकने की मांग की है। माहरा ने कहा कि पुरोला में खौफ का माहौल बना हुआ है, लोग पलायन कर रहे हैं इससे प्रदेश की छवि खराब हो रही है।

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि सरकार इस मुद्दे पर सभी वर्गों का विश्वास जीतने की बात कही है। इस मौके पर विधायक ममता राकेश, विरेंद्र जाति, फुरकान अहमद, पूर्व विधायक काजी निजामुद्दीन, प्रदेश उपाध्यक्ष मथुरा दत्त जोशी, प्रवक्ता गरिमा मेहरा, अमरजीत सिंह, महानगर अध्यक्ष जसविंदर गोगी उपस्थित हुए।

# ऑनलाइन एंबुलेंस बुक कराना महिला को पड़ा महंगा, गंवाए 95 हजार



देहरादून। दून के एक निजी अस्पताल की एंबुलेंस ऑनलाइन बुक कराना महिला को महंगा पड़ गया। साइबर ठगों ने मोबाइल पर लिंक भेजकर खाते से 95 हजार रुपये उड़ा लिए। क्लेमनटाउन थाने में रचना द्विवेदी निवासी टर्नर रोड ने तहरीर दी कि चार जून को उनके पिता की तबियत खराब हो गई थी। उन्होंने दून के एक निजी अस्पताल की एंबुलेंस का नंबर ऑनलाइन सर्च किया था।

सर्च किए गए नंबर पर महिला ने कॉल की तो कॉल उठाने वाले ने दूसरा नंबर देकर बात करने को कहा। दूसरे नंबर पर बात की तो उसने एक व्हाट्सएप नंबर दिया। कहा– एक लिंक आप के नंबर पर भेजा जा रहा है, उस पर क्लिक एंबुलेंस बुक होगी। बताया गया कि एबुलेंस के लिए पांच रुपये ऑनलाइन पेमेंट करनी जरूरी है। महिला ने लिंक पर क्लिक किया, लेकिन न पांच रुपये कटे और न ही एंबुलेंस बुक हो पाई। महिला ने बताया कि इसके बाद उन्होंने पिता को दूसरे अस्पताल में भर्ती कराया दिया। महिला का आरोप है कि पांच जून को उनके खाते से 19 ट्रांजेक्शन के जरिए 95 रुपये निकाले गए। महिला ने संबंधित नंबरों पर दोबारा कॉल की तो वो बंद मिले। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# पालिका प्रस्ताव हंस कल्चरल सेंटर को देने के पत्र के बाद धरना स्थगित

देहरादून। सिफन कोर्ट के बेघरों ने शिफन कोर्ट आवासहीन निर्बल वर्ग एवं अनुसूचित जाति संघर्ष समिति ने धरना स्थगित कर दिया है।

बेघरों को आवास देने का प्रस्ताव पालिका से हंस कल्चर सेंटर को भेज दिया गया है। सिफन कोर्ट ने पिछले सप्ताह पालिका के अधिशासी अधिकारी व एसडीएम मसूरी को ज्ञापन देकर चेतावनी दी थी कि यदि 13 जून तक भूमि हंस फाउंडेशन को देने का बोर्ड प्रस्ताव हंस फाउंडेशन को नहीं दिया गया तो वे 14 जून से पालिका प्रागंण में अनिश्चित कालीन धरना दे देंगे। नगर पालिका की ओर से 19 अप्रैल की बोर्ड बैठक में आईडीएच की 21सौ वर्ग खाली भूमि हंस फाउंडेशन को देने का प्रस्ताव पास किया था। लेकिन यह प्रस्ताव हंस फाउंडेशन को नहीं दिया गया। बुधवार को बड़ी संख्या में बेघर पालिका में धरना देने पहुंचे थे। यहां उन्हें पालिका कार्यालय अधीक्षक महावीर राणा ने पत्र सौंपते हुए जमीन हंस फाउंडेशन को स्थानांतरित करने की प्रक्रिया पूरी होने की जानकारी दी। जिस पर बेघरों ने धरना स्थगित कर दिया। इस मौके पर समिति के संयोजक प्रदीप भंडारी, अध्यक्ष संजय टम्टा, महामंत्री राजेंद्र सेमवाल, संपत्ति लाल, शिव लाल, सुनील टम्टा, राज मोहन, राजेंद्र प्रसाद डंगवाल, सूरवीर लाल, संत लाल, रामचंद्र, मुकेश शाह, आशा लाल, सीमा देवी, अंजली देवी, सुमित्रा देवी, आरपी बडोनी, आदि सिफन कोर्ट के बेघर मौजूद रहे।

## देहरादून में स्वामी दर्शन भारती को पुरोला जाने से रोका

देहरादून। पुलिस ने देवभूमि रक्षा अभियान के प्रमुख स्वामी दर्शन भारती को पुरोला जाने से रोक दिया। उन्हें उनके आवास पर ही रोका गया है। देहरादून में उनके घर के बाहर पुलिस फोर्स तैनात की गई है। महापंचायत के लिए स्वामी दर्शन भारती बुधवार शाम साढ़े चार बजे पुरोला जाने की तैयारी कर रहे थे। उन्होंने फेसबुक में दोपहर में पोस्ट कर समर्थकों को पुरोला जाने का समय शेयर किया था। इसकी सूचना लगते ही चार बजे सीओ सिटी नीरज सेमवाल पुलिस फोर्स के साथ राजपुर रोड स्थिति दर्शन भारती के आवास पर पहुंचे।

## बंदरों ने बुजुर्ग महिला को हमला कर किया घायल

अल्मोड़ा। न्याय पंचायत चनौदा में लंबे समय से बंदरों का आतंक बना हुआ है। बंदरों ने एक बुजुर्ग महिला को हमला कर घायल कर दिया। इससे पहले भी बंदर कई लोगों को घायल कर चुके हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। बुधवार को गुरुड़ा गांव निवासी धना देवी अपने घर के आंगन में बैठी थी। इसी बीच बंदरों ने उन पर हमला कर दिया। वन पंचायत सरपंच लीला बोरा ने कहा बंदरों, जंगली सूअरों और गुलदार के आतंक से क्षेत्रवासी बेहद परेशान हैं। जंगली जानवर उनकी खेती को चौपट करने के साथ ही उनके मवेशियों और ग्रामीणों पर हमला कर रहे हैं। उन्होंने वन विभाग से कटखने बंदरों को पकड़ने और जंगली जानवरों से निजात दिलाने की मांग की है।

# 18 जून को महापंचायत की तैयारी को लेकर तैयारी तेज

देहरादून। मुस्लिम सेवा संगठन तंजीम रहनुमा ए मिल्लत समेत विभिन्न मुस्लिम संगठन, शहर काजी मौलाना मोहम्मद अहमद कासमी और अन्य उलेमाओं की मौजूदगी में 18 जून को देहरादून में पुराने बस अड्डे के पास महापंचायत की तैयारी है। महापंचायत को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा भी पदाधिकारियों से संपर्क किया जा रहा है। महापंचायत में हरिद्वार, नैनीताल, विकासनगर, हल्द्वानी, रुड़की समेत विभिन्न जगहों से मुस्लिम समुदाय के लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। मुस्लिम सेवा संगठन अध्यक्ष नईम कुरैशी, उपाध्यक्ष आकिब कुरैशी ने बताया कि महापंचायत उत्तराखंड में मुसलमानों पर किए हो रहे जुल्म और उत्पीड़न के खिलाफ है। किसी एक की गलती से पूरे समुदाय को निशाना बनाना, उनके घरों में प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ करना, पलायन के लिए मजबूर करना गलत है।

## शहर की समस्याओं पर चर्चा के लिए दिया प्रस्ताव

**कोटद्वार** : नगर निगम पार्षद आशा चौहान ने शहर की समस्याओं के निराकरण के लिए नगर निगम को चर्चा प्रस्ताव दिया है। कहा कि गुरुवार को होने वाली बोर्ड बैठक में सभी समस्याओं पर गंभीरता से चर्चा की जानी चाहिए। महापौर को दिए प्रस्ताव में नगर निगम की ओर से पीपीपी मोड पर दिए गए मोटर नगर में आधुनिक बस अड्डा निर्माण, दो किलोमीटर से अधिक दूरी पर जाने वाले पर्यावरण मित्रों को वाहन किराया देने, निगम में तैनात सुपरवाइजर व हवलदारों को दुपहिया वाहन भत्ता देने, कर्मचारियों के लिए निगम की खाली भूमि पर आवास निर्माण करने, पनियाली गदेरे में बाढ़ से बचाव के लिए सुरक्षा व्यवस्था करने, डबल पोल आधुनिक प्रकाश की व्यवस्था करने, वाल्मिकी धर्मशाला के ऊपर टीन सेट लगाने सहित अन्य समस्याओं पर चर्चा करने की मांग की गई।

# खोह नदी में नहा रहे युवाओं को हाथी ने दौड़ाया

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार :** यदि आप खोह नदी में नहाने जा रहे हैं तो जरा सावधान हो जाएं। दरसअल, इन दिनों भीषण गर्मी से जंगलों के अधिकांश प्राकृतिक स्त्रोत सूख चुके हैं। ऐसे में हाथी जंगल से निकलकर खोह नदी में पानी पीने के लिए पहुंच रहे हैं। खोह नदी में नहाने के लिए पहुंचे युवाओं को हाथी ने खूब दौड़ाया। यही नहीं हाथी काफी देर तक नदी में ही टहलता रहा।

गर्मी का पारा चढ़ने के साथ ही अधिकांश व्यक्ति खोह नदी में डुबकी लगाने के लिए पहुंच रहे हैं।

सिद्धबली मंदिर दर्शन को पहुंचने वाले पर्यटक भी खोह नदी में मस्ती करते हुए नजर आ रहे हैं। लेकिन, इन दिनों खोह नदी में हाथियों की धमक बढ़ गई है। हाथी अपने झुंड के साथ नदी में पानी पीने के लिए पहुंच रहा है।

ऐसे में पर्यटक व क्षेत्रवासियों की लापरवाही उनके जीवन पर भारी पड़ सकती है। नदी में नहा रहे कुछ युवाओं के पीछे हाथी दौड़ पड़ा। युवाओं के नदी से बाहर निकलने के बाद भी हाथी आधे घंटे तक नदी में ही टहलता रहा। वहीं, वन विभाग व मंदिर समिति भी लोगों से लगातार हाथियों से सतर्क रहने की अपील कर रही है। बावजूद इसके कुछ लोग अब भी लापरवाह बने हुए हैं।



खोह नदी में नहा रहे युवाओं को दौड़ाता हाथी

## नाबालिग का सोशल मीडिया में फोटो वायरल करने वाला गिरफ्तार

**कोटद्वार** : कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक नाबालिग का सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित के खिलाफ मई माह में पोक्सो के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणीभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि मई माह में नाबालिग के स्वजनों की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि एक व्यक्ति उनकी बेटी से छेड़छाड़ कर उसकी फोटो इंटरनेट मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा है। इससे उनके परिवार व नाबालिग का मानसिक शोषण हो रहा है। बताया कि पीड़ित परिवार की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। बुधवार को फरार आरोपी ताजगंज आगरा निवासी रविंद्र पांडेय को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया।

# नगर पालिका ने दिलवाई स्वच्छता की शपथ



दुगड्डा क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाते पालिका कर्मी ।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : नगर पालिका दुगड्डा की ओर से वार्ड वासियों को स्वच्छता की शपथ दिलवाई गई। इस दौरान नगर निगम ने वार्डों में स्वच्छता अभियान चलाते हुए कूड़ा एकत्रित कर उसे नष्ट किया।

जिलाधिकारी के आदेश पर नगर निगम की ओर से स्वच्छता सप्ताह चलाया जा रहा है। इसके लिए आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। बुधवार को अधिशासी अभियंता, सभासद, स्वच्छता ब्रांड एंबेस्डर व नगर निगम कर्मचारियों की ओर से वार्डों में विशेष अभियान चलाया गया। जगह-जगह अभियान चलाकर करीब एक टन कूड़ा एकत्रित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष भावना चौहान ने दुगड्डा वासियों से क्षेत्र को स्वच्छ व स्वस्थ बनाने में अपना सहयोग देने की अपील की। कहा कि समाज को स्वस्थ बनाने की जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की है। सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा डालने के बजाय कूड़ेदान का उपयोग करें।

# पॉलीथिन का उपयोग न करने की अपील

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के एनसीसी कैडेट्स ने आमजन से पॉलीथिन का उपयोग न करने की अपील की है। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।

स्वच्छता सप्ताह के तहत बुधवार को कैडेट्स ने परिसर में फैले कूड़े को एक जगह एकत्रित कर उसे नष्ट किया। प्राचार्य जानकी पंवार ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताते हुए जन जागरूकता अभियान चलाने की सीख दी।

कहा कि समाज को स्वच्छ व स्वस्थ बनाने की जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की है। इस मौके पर एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान, प्रो. अभिषेक गोयल, डॉ. एस.के. गुप्ता, डॉ. विनोद सिंह, डॉ. अर्चना भंडारी, पृथ्वी पाल, चंडी प्रसाद, उमेश कुकशाल, शाहिस्ता, अंशु रानी, मोहमद्दीन खान, कुलदीप, गौरव सिंह, दिनेश सिंह आदि मौजूद रहे।



महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाते विद्यार्थी

# जीप और कार की भिड़ंत, पति-पत्नी सहित चार घायल

**पौड़ी :** बुधवार को पौड़ी जिले में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में आठ लोग घायल हो गये। देवप्रयाग-पौड़ी मोटरमार्ग पर अंछरीखाल के पास जीप और कार की भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में कार सवार पति-पत्नी सहित चार लोग घायल हो गये। वहीं बुआखाल के समीप दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में बाइकों में सवार एक बच्चे सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों का जिला अस्पताल पौड़ी में उपचार चल रहा है। सभी लोग खतरे से बाहर है। बुधवार सुबह परमेंद्र थपलियाल छिद्दरवाला ऋषिकेश से अपने परिवार के साथ पौड़ी के लिए कार से आ रहे थे। इसी दौरान खांडयूसैंण के पास अंछरीखाल के पास सवारियों से भरी मैक्स वाहन से कार की टक्कर हो गई। दुर्घटना में परमेंद्र थपलियाल व उनकी पत्नी अनुसूया थपलियाल सहित कार में सवार दीपक रावत और हर्ष लाल घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से निजी वाहन से सभी घायलों को जिला अस्पताल पौड़ी लाया गया, जहां पर उनका उपचार चल रहा है। घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय निवासी पंकज रावत ने बताया कि इस दौरान उन्होंने 108 आपातकालीन सेवा को फोन किया, लेकिन फोन नॉट रिचेबल आ रहा था। जिसके चलते घायलों को निजी वाहन से जिला अस्पताल ले जाया गया। जिला अस्पताल के डा. अमरीश ने बताया कि सभी लोग खतरे से बाहर हैं।

## बाइकों की भिडंत, एक बच्चे सहित चार लोग घायल

**पौड़ी** : बुआखाल के समीप दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में बाइकों में सवार एक बच्चे सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल पौड़ी में भर्ती कराया गया है। बुधवार की सुबह दंदाल गांव निवासी नितिन रावत बाइक से थलीसैंण ड्यूटी पर जा रहे था। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक से उसकी टक्कर हो गई, जिसमें एक बालक सहित तीन लोग सवार थे। हादसे में 32 वर्षीय नितिन रावत, 13 वर्षीय शिवम, 32 वर्षीय गजेंद्र सिंह व 34 वर्षीय दिनेश घायल हो गए। इस दौरान मार्ग से गुजर रहे स्थानीय निवासी गणेश नेगी ने अपने वाहन से घायलों की मदद कर उन्हें जिला अस्पताल पौड़ी में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बताया कि गजेंद्र सिंह को अधिक चोटें आई हैं, फिलहाल उसका उपचार चल रहा है। अन्य लोगों को हल्की चोटें आई हैं। जिला अस्पताल के डा. अमरीश ने बताया कि घायलों का उपचार किया जा रहा है।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया जाए

**पौड़ी** : आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सेविका कर्मचारी यूनियन पौड़ी ने आंगनबाड़ी केंद्रों में पूर्व की भांति अवकाश घोषित करने की मांग की है। यूनियन ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर जल्द ही आंगनबाड़ी केंद्रों में 15 दिन का अवकाश घोषित करने की मांग की।

बुधवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सेविका कर्मचारी यूनियन की पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से मुलाकात की। इस दौरान यूनियन की जिलाध्यक्ष नीमा रावत, मंजू उनियाल, शिखा देवी आदि ने डीएम को ज्ञापन देते हुए कहा कि विगत वर्ष आंगनबाड़ी केंद्रों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया था, लेकिन इस वर्ष ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित नहीं किया गया है। कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में 3 से 6 साल के बच्चें आते है। इन दिनों भीषण गर्मी से बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र में आने में समस्याएं हो रही है। कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों में 15 दिनों का अवकाश घोषित किया जाए।

## स्वच्छता अभियान में सहयोग की अपील की

श्रीनगर गढ़वाल : राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण उत्तराखंड नैनीताल एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी के निर्देशों पर स्वच्छता अभियान को लेकर विधिक सेवा समिति श्रीनगर सिविल जज रजनीश मोहन ने बैठक ली। बैठक में स्वच्छता अभियान में भरपूर सहयोग की अपील की गई। इस मौके पर उन्होंने सभी को पर्यावरण संरक्षण एवं उसके अन्तर्गत बनाए गए नियमों व प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेन्ट रूल 2016 के संबंध में जागरूकता एवं स्वच्छता अभियान चलाए जाने को कहा। बैठक में बार एशोसिएशन श्रीनगर के अध्यक्ष प्रमेश चन्द्र जोशी, बार एशोसिएशन के संरक्षक अनूप पांथरी, वरिष्ठ अधिवक्ता अर्जुन सिंह भण्डारी, एसएसआई संतोष पैंथवाल व नगर निगम श्रीनगर के अधिकारी मौजूद रहे। (एजेंसी)

## स्वच्छता अभियान चलाया, दिया स्वच्छता का संदेश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : नगर पंचायत सतपुली के राजकीय महाविद्यालय सतपुली में स्वच्छता सप्ताह के तहत बुधवार को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार व स्वच्छता कार्यक्रम संयोजक डॉ. दीप्ति माहेश्वरी के नेतृत्व में महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं प्राध्यापकों कार्मिकों द्वारा महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान स्वच्छता की शपथ ली गई। उसके उपरांत महाविद्यालय परिसर में झाड़ी कटान, नाली की सफाई, प्राकृतिक जल स्रोतों संरक्षण अभियान चलाया गया। वहीं छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया। स्वच्छता कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्रा, प्राध्यापक आदि शामिल रहे।

## गणेश बनें मंडल अध्यक्ष

**श्रीनगर गढ़वाल :** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के श्रीनगर मंडल अध्यक्ष पद पर गणेश प्रसाद टम्टा को नियुक्त किया गया है। इस संदर्भ में मोर्चा के जिला अध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद टम्टा एवं भाजपा जिला अध्यक्ष सुषमा रावत की ओर से नियुक्ति आदेश जारी किया गया है। (एजेंसी)

# हरेला पर्व पर फलदार प्रजाति के पौधों के रोपण पर करें फोकस

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में अगामी 16 जुलाई को मनाये जाने वाले स्थानीय पर्यावरण संरक्षण को समर्पित स्थानीय पर्व हरेला की तैयारियों पर चर्चा की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न स्थानों पर व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम के संबंध में संबधित विभागीय अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा की। डीएम ने सड़क की पट्टी के इर्द-गिर्द शहरों में सौंदर्य बढ़ाने वाले पौधों तथा गांव के आस-पास व जंगल के समीप फलदार सहित अन्य मिश्रित प्रजातियों के पौधों का रोपण करने को कहा।

जिलाधिकारी ने हरेला वृक्षारोपण के जनपदीय नोडल अधिकारी डीएफओ, उद्यान विभाग, नगर निकायों (नगर निगम व नगर पालिका) के अधिकारियों, जलागम एवं वृक्षारोपण में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग दे सकने वाले विभागीय अधिकारियों को हरेला के दिन विभिन्न स्थानों पर स्थानीय जलवायु के अनुकूल, सौन्दर्य को बढ़ावा देने वाले तथा फलदार पौधों के पौधारोपण के लिए सूक्ष्म कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कोटद्वार, श्रीनगर में खाली पड़ी भूमि पर, सड़क के बीच बनी खाली पट्टी में तथा अन्य उपयुक्त स्थानों के साथ-साथ रांसी स्टेडियम, टेका रोड़ के अतिरिक्त जनपद में अन्य स्थानों पर भी व्यापक वृक्षारोपण करने के लिए कार्ययोजना बनाने को कहा। जिलाधिकारी ने पाम, अशोक, बोटल ब्रूस, लीची, गुलमोहर, आम इत्यादि पेड़ों को अधिक से अधिक रोपने पर फोकस करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पांडे, डी.एफ.ओ. स्वप्निल अनिरूद्ध जलागम उप परियोजना निदेशक पौड़ी डॉ. सिद्वार्थ, ईओ नगर पालिका गौरव भसीन सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।



डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

# जीएसटी की विसंगतियों को दूर करने की उठाई मांग

**कोटद्वार :** जीएसटी में आ रही विसंगतियों को दूर करने की मांग को लेकर कोटद्वार के एक प्रतिनिधिमंडल ने उत्तराखण्ड सरकार के वित्त मंत्री प्रेमचन्द्र अग्रवाल से देहरादून विधानसभा में मुलाकात की। इस दौरान वित्त मंत्री ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए निराकरण का भी आश्वासन दिया। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विपिन कैंथोला के नेतृत्व में टैक्स अधिवक्ता अमिताभ अग्रवाल व राज्य गौ सेवा आयोग के सदस्य धर्मवीर सिंह गुसाईं की ओर से वित्त मंत्री को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कोटद्वार सहित पूरे उत्तराखंड प्रदेश में जीएसटी रजिस्ट्रेशन, जीएसटी पोर्टल व जीएसटी कानून की विसंगतियों को दूर करने तथा जीएसटी के अपीलीय अधिकरण स्थापना की मांग की गई। इन विषयों पर वार्ता होने के बाद वित्त मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को अधिकारियों से वार्ता कर परेशानियों को दूर करने का आश्वासन दिया।



देहरादून में वित्त मंत्री को ज्ञापन सौंपता प्रतिनिधि मंडल

## तन्वी समाजिक संस्था का नाट्य समारोह 18 से

**कोटद्वार** : तन्वी सामाजिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक संस्था की ओर से बद्रीनाथ मार्ग स्थित नगर निगम प्रेक्षागृह में नाट्य समारोह तरंगम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। समारोह 18 जून से शुरू होगा। पत्रकार वार्ता में यह जानकारी देते हुए संस्था संस्थापिका व निदेशिका मीनाक्षी शर्मा ने बताया कि संस्था की ओर से 18 से 20 जून तक नाट्य समारोह का आयोजन किया जाएगा।

# जल संरक्षण के कार्यों की लगातार निगरानी और सुरक्षा के उपाय करें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** जल शक्ति मंत्रालय के नोडल अधिकारी उप सचिव कौशलेन्द्र प्रताप सिंह ने फल संरक्षण को प्रेरित करने वाले प्रयासों और जल निकायों को गंदा न करने की अपील हो। उन्होंने वाटर बॉडी के साथ-साथ वाटर सोर्स की भी जियो टैगिंग करने तथा संबंधित पोर्टल पर सभी सूचनाएं अपलोड करने को कहा। कहा कि जल संरक्षण के प्रयासों को लोगों तक अधिकाधिक पहुंचाने तथा उनकी भागीदारी भी प्राप्त करें और जल संरक्षण के कार्यों की लगातार निगरानी और सुरक्षा के भी उपाय करने को कहा।

कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक को संबोधित करते हुए जल शक्ति मंत्रालय के नोडल अधिकारी उप सचिव कौशलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि बनाये गये अमृत सरोवरों के आस-पास वाटर रिचार्ज के स्त्रोत के संरक्षण, स्त्रोत को गंदगी से बचाने तथा स्थानीय स्तर पर बच्चों व पशुधन की सुरक्षा की दृष्टि से कुछ कार्य और किये जाने चाहिए। उन्होंने जल शक्ति केंद्र को अधिक प्रभावी बनाने के लिए वहां पर मानव संसाधन तथा लोगों को जल संरक्षण की सुलभ जानकारी व प्रशिक्षण प्रदान करने को संभव प्रयास करने को कहा। उन्होंने जल निकायों के आस-पास पर्याप्त साइनेज व सूचना पट्ट लगाने को कहा। जनपद में जल संरक्षण के तहत किये गये कार्यों के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पांडे, डीएफओ स्वप्निल अनिरूद्ध, जिला विकास अधिकारी पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, जनपदीय नोडल अधिकारी अधिशासी अभियंता सिंचाई संजय शर्मा ने पहाड़ी क्षेत्रों में सरोवरों के निर्माण की सीमाओं, वन आरक्षित क्षेत्र की बाध्यताओं, मनरेगा श्रमिक कार्ड तथा मनरेगा के अंतर्गत ही कार्यों को संपादित करवाने की बाध्यताओं के साथ-साथ पर्याप्त व त्वरित वित्तीय उपलब्धता इत्यादि में अपेक्षित सुधार करते हुए इसको और कारगर बनाने के जल शक्ति मंत्रालय की टीम से सुझाव साझा किये। जल शक्ति मंत्रालय से वैज्ञानिक करम सिंह ने बताया कि जनपद पौड़ी सहित सभी पहाड़ी क्षेत्रों में जल संरक्षण में काफी बेहतर कार्य हो रहे है। उन्होंने लोगों की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करते हुए इस अभियान को अधिक सफल बनाने को कहा। जनपद में कैच द रेन जल संरक्षण के कार्यों के निरीक्षण के दौरान जल शक्ति मंत्रालय की टीम द्वारा ल्वाली झील, भैंसवाडा अमृत सरोवर, कैवर्स अमृत सरोवर, सुमाड़ी पेयजल योजना, सिंचाई विभाग द्वारा खण्डाह तथा उल्खागढ़ी उल्ली अमृत सरोवर का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर पीएम स्वजल दीपक रावत सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।



# बाबाओं पर लगाया ठगी का आरोप, केस दर्ज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत दुर्गापुरी उमराव नगर निवासी प्रशांत कुमार ने दो बाबाओं पर ठगी आरोप लगाया है। कहा कि दो बाबा उनकी अंगूठी लेकर फरार हो गये।

कोतवाली पुलिस ने प्रशांत की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणीभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि दुर्गापुरी उमराव नगर निवासी प्रशांत कुमार पुत्र प्रदीप कुमार ने तहरीर दर्ज कराई कि बुधवार को दो अज्ञात बाबाओं ने सिद्धबली तिराहे से आगे मुझसे ठगी कर मेरी अंगूठी लेकर भाग गए। कोतवाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात बाबाओं के खिलाफ आईपीसी की धारा 120बी, 420 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। जिसकी विवेचना की जा रही है तथा अभियुक्तों की तलाश हेतु टीम गठित की गई है।

# डीएम ने सड़क निर्माण के लिए दीर्घकालीन ट्रीटमेंट के प्रस्ताव भेजने को कहा



बागेश्वर : जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने कपकोट क्षेत्र का भ्रमण किया। उन्होंने भूस्खलन के रोकथाम के लिए लोनिवि और सिंचाई विभाग द्वारा किए गए सुरक्षात्मक कार्यों के साथ ही आपदा न्यूनीकरण के अंतर्गत बाढ़ सुरक्षा प्रस्तावित कार्यों का संबंधित अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने लोनिवि को तीन क्षतिग्रस्त सड़कों का निर्माण के लिए निविदा कराने और दीर्घकालीन ट्रीटमेंट के प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। गत वर्ष बारिश में मुनार में किमी. 15, 16, 17 और 18 में सड़क वॉस्-ाआउट हो गई थी। लोनिवि ने आपदा मद से तात्कालिक कार्य कर सड़क बनाकर यातायात सुचारू कर दिया था। जिलाधिकारी ने लोनिवि को सड़क के दीर्घकालीन ट्रीटमेंट कार्य के लिए राज्य आपदा न्यूनीकरण मद में प्रस्तावित करने के निर्देश दिए थे। जिसका लोनिवि ने 276 लाख का डीपीआर प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत किया। बुधवार को डीएम ने जायजा लेकर न्यूनीकरण कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। इसी तरह हरसिंगयाबगड़ सड़क किमी दो में वॉसआउट हो गई थी। हालांकि लोनिवि ने सड़क अपर स्ट्रीम में काटकर यातायात सुचारू कर दिया था। लोनिवि ने स्थाई ट्रीटमेंट के लिए 155 लाख का डीपीआर बनाई। जबकि आसों–बसकूना के बादल फटने से डणू गधेरे में बाढ़ आ गई थी, जिससे असों–बसकूना सड़क और दो पुलों के अपार्टमेंट ध्वस्त हो गए थे। स्थाई ट्रीटमेंट के लिए 276 लाख का डीपीआर प्रस्ताव लोनिवि ने आपदा मद में भेजा। इस दौरान डीएम ने तीनों कार्यों का टेंडर लगाने के निर्देश अधिशासी अभियंता लोनिवि को दिए।




## कंपनी के कार्मिकों ने किया 200 यूनिट रक्तदान

रुद्रपुर : बालाजी एक्शन बिल्डवेल कंपनी प्रा.लि. की सीएसआर कमेटी ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसमें कार्मिकों ने 200 यूनिट रक्तदान किया। कंपनी के अध्यक्ष एके सिंह और उपाध्यक्ष पंकज वर्मा, अमर सिंह डिल्लो, उदय प्रताप, राजीव पांडे, नीरज अहलूवालिया, संजय सिंह ने कर्मचारियों को समाज के प्रति दायित्वों व रक्तदान महादान के बारे में बताया। कहा रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं है। इस मौके पर अभिषेक श्रीवास्तव, ऋषभ जैन, उमेश त्यागी, डॉ. जितेंद्र, मो. जावेद, दीपक कुमार मौजूद रहे। (एजेंसी)

# फर्स्ट रिस्पांडर ट्रेनिंग में दी आपदा से निपटने की जानकारी



बागेश्वर : फर्स्ट रिस्पांडर ट्रेनिंग विवेकानंद विद्या मंदिर मंडलसेरा में हुई। इसमें पुलिस प्रशासन, चिकित्सा, परिवहन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में आपदा से निपटने की जानकारी दी गई। बुधवार को एनसीसी कैडेट, एसडीआरएफ और फायर बिग्रेड की टीम को कम समय में आपदा प्रभावित क्षेत्र में जाने और फर्स्ट एड सुविधा देने की जानकारी दी। कहा कि घायल को जितने कम समय में फर्स्ट एड मिलेगा। उतनी जल्दी उसे लाभ होगा। इस मौके पर अग्निशमन अधिकारी गोपाल रावत, चिकित्सा से रविंद्र अवस्थी, सीओ शिवराज सिंह राणा, एआरटीओ पंकज श्रीवास्तव, परिवहन कर आधिकारी हरीश रावल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## बहुउद्देशीय शिविर में जनता ने उठाई समस्याएं

पिथौरागढ़ : राजकीय इण्टर कालेज सिनलेख में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम्य विकास, समाज कल्याण, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन, कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, बाल विकास व अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं को लोगों ने उठाया। खण्ड विकास अधिकारी समीम अहमद ने अधिकारियों को जनता से जुड़ी समस्या के शीघ्र निराकरण के आदेश दिए। शिविर में स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण, पशुपालन विभाग व कृषि विभाग से संबंधित मामले ज्यादा आए।

इस दौरान शिविर में सहायक खंड विकास अधिकारी विपिन कुमार उपाध्याय, दिवान सिंह मौजूद रहे।

# पावनी ने नीट, अनुज और नितिन ने उत्तीर्ण की जेईई मेंस परीक्षा



चम्पावत : होली विजडम स्कूल मानेश्वर ने नीट और जेईई मेंस की परीक्षा उत्तीर्ण कर स्कूल का नाम रोशन किया है। छात्र-छात्राओं की उपलब्धि पर स्कूल परिवार ने शुभकामनांए दी। स्कूल के प्रबंधन संजय पंत ने बताया कि छात्रा पावनी उप्रेती ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर 98.4 परसेंटाइल प्राप्त किए। जबकि अनुज मेहता और नीतिन पुनेठा ने जेईई मेंस परीक्षा में क्रमशः 94.57 और 94.47 परसेंटाइल हासिल की। विद्यालय के प्रधानाचार्य ललित मोहन राय, दीपक वर्मा, हिम्मी पुनेठा, दिनेश गड़कोटी, दीपक वर्मा, गिरीश जोशी, जीवन पांडेय और समस्त स्टाफ ने बधाई दी। (एजेंसी)

### लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया

चम्पावत : राज्य सरकार के निर्देश पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। बुधवार को पालिकाध्यक्ष विपिन कुमार की अध्यक्षता में व्यापार मण्डल, होटल एसोशिएसन और जन प्रतिनिधियों संग बैठक की गई। जिसमें लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रति जागरुक किया गया। नगर पालिका के ईओ भूपेंद्र प्रकाश जोशी ने बैठक का संचालन किया। पालिकाध्यक्ष वर्मा ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक, गीला कचड़ा, पॉलीथीन का प्रयोग नहीं करने, खुले स्थानों, नालियों में कूड़ा नहीं डालने आदि के लिए प्रेरित किया। यहां व्यापार मंडल अध्यक्ष शाहिद हुसैन, वार्ड सभासद हसीब अहमद, रईस अहमद, हुमा अंसारी, पूजा टम्टा, तुलसी कुंवर, अमित भट्ट, योगेश पांडेय, सविता बिष्ट, राजेश सिंह, अभिनव कुमार, संजय, रवि कुमार, सुषमा देवी, कृष्ण कुमार आदि रहे। (एजेंसी)

# लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करें : शर्मा




बागेश्वर : एसएसबी के उप महानिदेशक अनिल कुमार शर्मा ने कहा प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। जो व्यक्ति रक्तदान नहीं कर सकता उन्हें अन्य लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करना चाहिए। यह बात उन्होंने बुधवार को एसएसबी परिसर ग्वालदम में रेडक्रॉस समिति द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर के शुभारंभ पर बोली। कहा एक स्वस्थ इंसान को हर तीन महीने में रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने से न केवल व्यक्ति स्वस्थ रहता है, बल्कि उसके द्वारा दिए गए रक्त से किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवनदान मिल सकता है। उन्होंने रक्तदान शिविर आयोजित करने के लिए रेडक्रॉस सीमित बागेश्वर एवं ब्लड बैंक बागेश्वर की टीम का आभार जताया। शिविर में एसएसबी के डीआईजी, जवानों, केंद्रीय विद्यालय ग्वालदम, राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी के शिक्षकों सहित स्थानीय व्यापारियों ने रक्तदान किया। इस मौके पर डॉ. सुमित सुपांकर, किशोर कुमार पाठक, सुमित भारद्वाज, दिनेश कुमार, अरविंद मलिक, डॉ. सावित्री शुक्ला, प्रधानाचार्य केंद्रीय विद्यालय अनीता बिष्ट, रेडक्रॉस के जिला सचिव आलोक पांडेय, प्रदेश प्रतिनिधि दीपक पाठक, कोषाध्यक्ष जगदीश उपाध्याय, उमेश जोशी, हिमाशु जोशी, कन्हैया वर्मा, सुरेश सती, आतिर अहमद, अमित रावत, ज्येष्ठ प्रमुख महावीर साह रहे। (एजेंसी)

## नीट परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को किया सम्मानित

पिथौरागढ़ : नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने पर मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। बुधवार को धामी क्लासेज कोचिंग संस्थान में परीक्षा में सफल हुए करन सिंह चौहान, युवराज सिंह खडायत, दिया बोरा को सम्मानित किया गया। शिक्षक प्रदीप मेहता ने बताया कि सीमांत से नीट जैसी कठिन परीक्षा में उत्तीर्ण होकर विद्यार्थी पिथौरागढ़ को गौरवान्वित कर रहे हैं।

उन्होंने अन्य छात्र–छात्राओं से भी कड़ी मेहनत करने की बात कही। इस दौरान भूपेंद्र सिंह धामी, हरीश जोशी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। (एजेंसी)

# लंपी वायरस की चपेट में आने से चार गायों की मौत



चम्पावत : लोहाघाट क्षेत्र में लंपी वायरस का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। अब लंपी वायरस की चपेट में आने से बाराकोट ब्लॉक के गल्लागांव में ग्रामीण चार दुधारू गायों की मौत का दावा कर रहे हैं। कई मवेशी लंपी की बीमारी से जूझ रहे हैं। आंगनबाड़ी कार्यकत्री संगठन की जिलाध्यक्ष मीना बोहरा ने बताया कि लंपी वायरस से गांव के त्रिलोक सिंह, पूरन सिंह, शंकर सिंह, आनंदी देवी की गाय की मौत हो गई है। पशुपालक किसी तरह दूध बेच कर परिवार का भरण पोषण करते थे, लेकिन गाय की मौत होने के कारण परिवार पर आर्थिक संकट गहरा गया है। ग्राम प्रधान रंजीत सिंह, प्रकाश सिंह, विक्रम सिंह, दीवान सिंह, राम सिंह, पार्वती देवी, हीरा देवी, जानकी देवी ने सरकार और जिला प्रशासन से पशुपालकों को मुआवजा देने और टीकाकरण अभियान में तेजी लाने की मांग की। ग्रामीणों ने दावा किया है कि लंपी वायरस से लोहाघाट और बाराकोट क्षेत्र में एक महीने के अंदर 50 से अधिक गाय की मौत हो गई है। कई पशु बीमार पड़े हुए हैं। नगर से लगे रायनगर चौड़ी में अब तक 15 दुधारु गाये, फोर्ती गांव में 8, गुमदेश क्षेत्र में 20, सुंई गांव में 8 गायों की मौत हो गई है। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. डीके चंद ने कहा कि जानवरों में लंपी वायरस की रोकथाम के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। (एजेंसी)

# डीएम विनीत तोमर ने रक्तदान किया




अल्मोड़ा। डीएम विनीत तोमर ने विश्व रक्तदान दिवस पर जिला अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। इस दौरान उन्होंने आमजन से भी समय–समय पर रक्तदान करने की अपील की। बुधवार को डीएम तोमर ने कहा यदि हम रक्तदान करेंगे तो रक्तकोष में रक्त रहेगा। जिसे आवश्यकता पड़ने पर जरूरतमंदों को दिया जा सकेगा। इस दौरान उन्होंने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही अस्पताल प्रबंधन के साथ बैठक कर विभिन्न प्रकरणों पर चर्चा की। यहां सीएमओ डॉ. आरसी पंत, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पीके सिन्हा समेत स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे।

## अल्मोड़ा पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

अल्मोड़ा। जिलेभर में पुलिस का नशा मुक्त पखवाड़ा के तहत जागरूकता अभियान जारी है।

नशा मुक्त भारत पखवाड़ के क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों ने अपने–अपने थाना क्षेत्र में सरकारी वाहनों, लाउड हेलर व लाउड स्पीकरों व नगर अल्मोड़ा में पीए सिस्टम के माध्यम से ऑडियो चलाकर जनमानस को ड्रग्स के दुष्प्रभावों के प्रति जागरुक किया गया। साथ ही शहर, कस्बों व सार्वजनिक स्थानों पर उपस्थित जनों को ड्रग्स से होने वाले शारीरिक व आर्थिक हानियों के बारे में जानकारी देकर नशा मुक्त जीवन जीने हेतु प्रेरित किया गया।

# गोल्डन कार्ड के नाम पर की कटौती को वापस करने की मांग उठाई



बागेश्वर : उत्तराखंड राज्य कर्मचारी अधिकारी एवं शिक्षक पेंशनर्स संगठन की बैठक में गोल्ड कार्ड संबंधी समस्याओं पर चर्चा हुई। इस दौरान उन्होंने सरकार से गोल्ड कार्ड के नाम की कई कटौती वापस करने की मांग की। कहा यदि जबरन की गई कटौती वापस नहीं ली गई तो वे न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को मजबूर होंगे। जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

बुधवार को प्रकटेश्वर मंदिर सभागार में सर्वप्रथम पिछली का-र्रवाई पढ़ी गई। इसके बाद पेंशनरों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा गोल्डन कार्ड के नाम पर उनसे हर महीने सैकड़ों रुपये की वसूली की गई है। जिसे सरकार को वापस करना होगा। यदि उनकी मांगों की अनदेखी की गई तो वह न्यायालय की शरण में जाने को बाध्य होंगे। कहा पेंशनरों का अहित कतई नहीं होने देंगे। संगठन के माध्यम से अपनी मांगें पूरी करवाएंगे। कहा 25 जून तक विकासखंड वाले जिला संगठन को इसकी सूचना दे दें। प्रति सदस्य संघर्ष कोष में प्रथम चरण में 500 रुपये जमा करें। बैठक की अध्यक्षता केशवानंद जोशी और संचालन नारायण सिंह ने किया। इस मौके पर बलवंत कर्म्याल, बची सिंह, तारा सिंह, बालादत्त तिवारी, नवीन किशोर जोशी, मनमोहन परिहार, गणेश राम आर्या, बची गिरी गोस्वामी, बची सिंह कार्की मौजूद रहे। (एजेंसी)

# युवा देश के विकास में भागीदार बनें : शशांक



रुद्रपुर : भारतीय जनता युवा मोर्चा ने नवमतदाता सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम में 18-25 वर्ष के नवयुवकों से मुख्य अतिथि भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत ने संवाद किया। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर पार्टी महाजनसंपर्क अभियान चला रही है। इसके चलते नवमतदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया है। बुधवार को भाजयुमो के प्रदेश उपाध्याक्ष विवेकदीप सिंह के प्रतिष्ठान पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत, मंडी सभापति कमलेंद्र सेमवाल, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना ने दीप जलाकर किया। मुख्य अतिथि शशांक रावत ने युवाओं को मत का अधिकार व लोकतंत्र में भाजपा की महत्ता के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही युवाओं से सीधे संवाद कर देश के विकास में उनकी भागीदारी के बारे में बताया। इस दौरान भाजयुमो कुमाऊं संयोजक सुखजीत सिंह, महेंद्र पाल, सुरेंद्र चौधरी, विशाल चौहान, धीरेंद्र प्रताप सिंह, पराग अग्रवाल, राजेश कोली, गोल्डी गोराया, मयंक अग्रवाल, विपिन चौहान, नवीन ठाकुर, हेमंत पाठक, दिव्यांश लूथरा, विशाल गुप्ता, नंदू राठौर आदि रहे। (एजेंसी)

## निर्माण कार्य की धीमी गति पर जताई नाराजगी

पिथौरागढ़ : डीडीहाट–ओगला मार्ग मे निर्माणाधीन टैक्सी स्टेंड का निर्माण कार्य व्यापारियों ने बरसात से पूर्व कराने की मांग की है।

मंगलवार को व्यापार मण्डल अध्यक्ष शेर सिंह साही के नेतृत्व में व्यापारियों ने तहसीलदार एचएस हरकोटिया को ज्ञापन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि तीन करोड़ से टैक्सी स्टेंड का निर्माण कार्य किया जा रहा है। कहा कि वर्तमान में निर्माण कार्य की गति बेहद धीमी है। व्यापारियों ने प्रशासन से निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की। जिससे लोगों को टैक्सी स्टेंड का लाभ जल्द मिल सके।

# अज्ञात युवक ने एक ही परिवार के पांच लोगों पर किया जानलेवा हमला

अल्मोड़ा। भिकियासैंण तहसील के अंतर्गत राजस्व उपनिरीक्षक क्षेत्र नैलवाल पाली के कुन्हील स्योतरी गांव में एक ही परिवार के पांच लोगों को अज्ञात युवक ने हमला कर घायल कर दिया। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिकियासैंण में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। जानकारी अनुसार मंगलवार रात करीब आठ बजे के एक अज्ञात युवक हिम्मत सिंह के घर पहुंचा। इसके बाद युवक ने पीने के लिए पानी मांगा। पानी पीने के बाद अचानक युवक ने घर के लोगों पर ईंट और पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। घटना में हिम्मत सिंह (60) पुत्र राजेंद्र सिंह, भगवती देवी (59) पत्नी हिम्मत सिंह, रमेश सिंह (34) पुत्र हिम्मत सिंह, स्वेता बिष्ट (28) पत्नी रमेश सिंह और सागर (10) पुत्र रमेश सिंह को घायल हो गए। घायलों के शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे।

हालांकि तब तक हमलावर भाग निकला। ग्रामीणों ने 108 की मदद से सभी घायलों को सीएचसी भिकियासैंण में भर्ती पहुंचाया। जहां मेडिकल टीम ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायल हिम्मत सिंह, भगवती देवी और रमेश सिंह को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। चिकित्सकों के अनुसार गंभीर घायलों के सिर में गहरी चोटें आई हैं। घटना के बाद पूरे गांव में दशहत का माहौल बना हुआ है। इधर, सूचना मिलने पर तहसीलदार निशा रानी ने भी अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना और घटना के संबंध में जानकारी ली। अज्ञात हमलावर के खिलाफ आईपीसी की धारा 325, 457 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

# बीडीसी बैठक से अधिकारी गायब, भड़के जनप्रतिनिधि

जयन्त प्रतिनिधि।

सतपुली : विकासखंड एकेश्वर में बुधवार को आयोजित बीडीसी बैठक में अधिकांश अधिकारी नदारद रहे। आक्रोशित जनप्रतिनिधियों ने बीडीसी बैठक का बहिष्कार किया। कहा कि बीडीसी बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थित सुनिश्चित की जाए। कहा कि अधिकारियों के बैठक में नहीं आने से ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। बुधवार को एकेश्वर ब्लॉक मुख्यालय में बीडीसी बैठक आयोजित की गई, लेकिन बीडीसी बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अलावा कोई भी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित नहीं थे। बैठक में ग्राम प्रधान तेजपाल पंवार, पंकज पोखरियाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य धर्म सिंह, गौरव, सुखदेव सिंह आदि जिला स्तरीय अधिकारियों की अनुपस्थित पर रोष व्यक्त करते हुए बीडीसी बैठक का बहिष्कार किया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कई विभागों के अधिकारी बैठक में उपस्थित नहीं हो रहे है। इससे आम जनता की मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। प्रधान संघ के अध्यक्ष पंकज पोखरियाल ने कहा कि अधिकारी अक्सर बैठक से गायब रहते हैं। कई बार विरोध दर्ज भी कराया गया, लेकिन अधिकारियों का रवैया नहीं बदल रहा। ब्लॉक प्रमुख नीरज पांथरी ने अधिकारियों की अनुपस्थित का संज्ञान लेते हुए कहा कि विगत कई बैठकों में जिलास्तरीय अधिकारी अनुपस्थित रहे है, जिस कारण बीडीसी बैठक को आगामी तिथि तक निरस्त किया जाता है। कहा कि आगामी बैठक तभी आयोजित की जाएगी जब तक सभी जिलास्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित न हो।



ब्लॉक प्रमुख नीरज पांथरी बीडीसी बैठक को संबोधित करते हुए।

## 1 जुलाई को श्रीनगर में होगा राज्य सम्मेलन

श्रीनगर गढ़वाल : ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) का राज्य सम्मेलन एक जुलाई को श्रीनगर में आयोजित किया जाएगा। आइसा संगठन की प्रदेश की विभिन्न इकाइयों ने बैठक में एक जुलाई को होने वाले सम्मेलन को श्रीनगर में करवाए जाने पर सहमति दी है। सम्मेलन को आइसा के राष्ट्रीय महासचिव प्रसेनजित ने कहा कि आज देश का युवा बेरोजगारी से त्रस्त है, सरकार युवाओं के रोजगार पर लगातार हमला कर रही है। आइसा के राज्य संयोजक अंकित उछोली ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में सदस्यता अभियान के बाद राज्य सम्मेलन श्रीनगर गढ़वाल में आयोजित होगा। कहा कि सीयूईटी जैसी प्रवेश परीक्षा से पहाड़ का छात्र असमंजस की स्थिति में है, छात्रों के प्रवेश परीक्षा के केंद्र बरेली, मेरठ जैसे दूरस्थ हिस्सो में होने से छात्र आर्थिक बोझ के साथ–साथ विभिन्न प्रकार की परेशानियों से जूझ रहा है। यह मुद्दा राज्य सम्मेलन में प्रमुखता से उठेगा। भाकपा माले के राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी ने कहा कि आइसा हमेशा से छात्रों के सवालों पर लड़ता रहा है, वर्तमान समय मे देश के छात्र नई शिक्षा नीति के साथ साथ फीस वृद्धि जैसे मुद्दों से परेशानी में है। भाकपा माले केंद्रीय कमेटी सदस्य कैलाश पांडेय ने कहा राज्य सम्मेलन के बाद पुरजोर तरीके से युवाओं के सभी मुद्दों पर संघर्ष तेज होगा। (एजेंसी)

# बच्चों ने सीखें थिएटर, कराटे और योग के गुर

श्रीनगर गढ़वाल : स्वैच्छिक शिक्षक समूह श्रीनगर गढ़वाल द्वारा छात्रों में उनकी रूचि अनुरूप कौशलात्मक विकास कर नवीन शिक्षा नीति की संकल्पना को जीवित करने की संकल्पना को लेकर 11 से 15 आयु वर्ग के बच्चों के लिए लर्निंग विथ उलार नाम से रचनात्मक बाल शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर का उदघाटन नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्तिनगर कैलाशी जाखी, गुरुद्वारा कमेटी श्रीनगर के अध्यक्ष हरविंदर सिंह लक्की ने किया।राइंका कीर्तिनगर में आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि कैलाशी जाखी ने रचनात्मक बाल शिविर की गतिविधियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी कीर्तिनगर क्षेत्र में इस तरह की गतिविधियों में अपनी ओर से भरसक सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविरों से बच्चों में रचनात्मकता पैदा होती है। शिविर के पहले दिन अंकित भट्ट ने थिएटर, मानसी ने कराटे व सचिंता राणा ने योग व आसन का प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर संजय कुमार ने डाक टिकट सग्रह, जयकृष्ण पैन्यूली ने माटी की चित्रकारी, अरविंद नेगी व विकास बिष्ट ने काष्ठ शिल्प, पीयूष उनियाल ने फोटो, रजनीश कोठियाल ने पहाड़ी भवन प्रतिकृति, दीपक भैगवाल ने मुखौटा, अरूण ढौंढियाल ने कागज के फूल, हिमांशु ने स्केच व पेंटिंग की प्रदर्शनी लगाई। जिसे बच्चों व अतिथियों द्वारा खूब सर-हा गया। शिविर के उद्घाटन में कार्यक्रम के मुख्य संयोजक महेश गिरी, खंड शिक्षा अधिकारी कीर्तिनगर यंशवत सिंह नेगी, शैलनट अध्यक्ष अभिषेक बहुगुणा, सामाजिक कार्यकर्ता रणजीत जाखी, प्रदीप अणथ्वाल, डीसी किमोठी, जगदीश वर्धन, अंजू ध्यानी, संदीप मैठाणी, राजीव उनियाल, चैतन्य कुकरेती, माधव गैरोला आदि मौजूद रहे। संचालन कमलेश जोशी ने किया।

## अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

नई टिहरी। मुखबिर की सूचना पर चंबा पुलिस ने मोहन पयाल पुत्र पूरन पयाल निवासी ग्राम साबली थाना चंबा निवासी को अवैध 96 पव्वे अंग्रेजी शराब के साथ ग्राम साबली ऋषिकेश रोड़ से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ 60 एक्साईज ऐक्ट के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की है।

# आबादी क्षेत्र से हटाया जाएं ट्रेंचिंग ग्राउंड

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : कुंभीचौड़ व लकड़ीपड़ाव के वाशिंदों ने आबादी के बीच संचालित हो रहे ट्रेंचिंग ग्राउंड को अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग की है। कहा कि गर्मी बढ़ने के साथ ही धधक रहे कूड़े ने क्षेत्रवासियों का सांस लेना भी मुश्किल कर दिया है। लगातार बढ़ रही समस्या के कारण जनता को संक्रामक बीमारियों का खतरा सताने लगा है।

कुंभीचौड़ व लकड़ीपड़ाव के वाशिंदों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज समस्या से अवगत करवाया। कहा कि नगर निगम की ओर से गाड़ीघाट में खोह नदी के तट पर ट्रेंचिंग ग्राउंड का संचालन किया जा रहा है। ट्रेंचिंग ग्राउंड में प्रतिदिन चालीस वार्डों से उठने वाले कूड़े को जमा किया जाता है। लेकिन, गर्मी बढ़ने के साथ ही कूड़े के ढेर ने आग पकड़ना शुरू कर दिया है। आए दिन ट्रेंचिंग ग्राउंड का कूड़ा धधक रहा है। चारों ओर फैल रहे जहरीले धुएं के कारण आस-पास के लोगों का सांस लेना भी मुश्किल हो गया है। ऐसे में सबसे अधिक खतरा बच्चे व बुजुर्गों को बना हुआ है। कहा कि पूर्व में नगर निगम ने ट्रेचिंग ग्राउंड को आबादी क्षेत्र से हटाने का आश्वासन दिया था। लेकिन, अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। यदि जल्द ही ट्रेंचिंग ग्राउंड को आबादी से दूर शिफ्ट नहीं किया गया तो क्षेत्रवासी आंदोलन को मजबूर होंगे। ज्ञापन भेजने वालों में महेंद्र सिंह रावत, शिव प्रसाद, मनमोहन सिंह आदि शामिल थे।

## खर्क और मेलगढ़ गांव को सड़क से जोड़ा जाए

नई टिहरी : जौनपुर क्षेत्र नैनबाग तहसील के ग्राम पंचायत सूंरासु के लोगों ने खर्क और मेलगढ़ तोक को सड़क से जोड़ने की मांग को लेकर धनोल्टी विधायक प्रीतम पंवार से देहरादून में भेंटकर इस संबंध में पत्र सौंपा। कांग्रेस प्रदेश सचिव जोत सिंह रावत ने कहा कि खर्क और मेलगढ़ को सड़क से जोड़ने की मांग के संबंध में स्थानीय लोगों द्वारा कई बार शासन प्रशासन अवगत करवाया, लेकिन दो तोके सड़क से नहीं जुड़ पाई। उन्होंने विधायक से खर्क और मेलगढ़ को सड़क से जोड़ने की मांग की है।

## रक्तदाता अमृत महोत्सव पर हुआ 80 यूनिट रक्तदान

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के बेस चिकित्सालय में ब्लड बैंक के तत्वावधान में विश्व रक्तदाता दिवस मनाया गया। इस मौके पर लगाए गए रक्तदान शिविर में आईटीबीपी गौचर से आए जवानों ने रक्तदान अमृत महोत्सव पर 25 यूनिट रक्तदान किया।

जबकि रुद्रप्रयाग जिले के बेडुबगड़ में जल विद्युत परियोजना में लगाए गए ब्लड डोनेशन कैंप में 55 यूनिट रक्तदान हुआ। कार्यक्रम में सभी लोगों ने बिना किसी लोभ–लालच के, जाति–धर्म के भेदभाव से मुक्त होकर रक्तदान करने की भी शपथ ली। समय–समय पर जरूरतमंद लोगों के लिए रक्तदान के काम करने वाली स्वयंसेवी संस्थाओं एवं युवाओं को भी सम्मानित किया गया।

ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. सतीश कुमार द्वारा बेस चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन अस्पताल के एमएस डॉ. रविन्द्र बिष्ट, आईटीबीपी के असिस्टेंट कमांडेट डॉ. गोविंद बीएस, डॉ. सचान भट्ट ने किया।

# स्वास्थ्य मेले में 1678 लोगों ने कराई जांच

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : स्वास्थ्य विभाग की ओर से बुधवार को जनपद के सभी हैल्थ एण्ड वैलनेस सेटरों में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में आये लोगों की चिकित्सकीय टीमों के माध्यम से डायबिटीज, हाइपरटेंशन, मेंटल हैल्थ, ओरल हैल्थ की स्क्रीनिंग की गई। साथ ही शिविर में आये लोगों को योगा, मेडीटेशन करवाने के साथ ही आभा आईडी भी बनाई गई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक माह की 14 तारीख को सभी हैल्थ एण्ड वैलनेश सेंटरों में स्वास्थ्य मेला आयोजित किया जाता है, जिससे आमजन को आसानी से स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध हो सकें। कहा कि सभी लोग प्रत्येक माह होने वाले स्वास्थ्य मेले में अपनी स्वास्थ्य जांच करवा सकते हैं। बुधवार को जनपद में कुल 1678 लोगों द्वारा स्वास्थ्य जांच कराई गई।



स्वास्थ्य मेले में जांच कराने के लिए आई महिलाएं।

# रक्तदान शिविर में 25 लोगों ने किया रक्तदान

रुद्रप्रयाग : विश्व रक्तदाता दिवस के मौके पर स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में जिला चिकित्सालय में आयोजित शिविर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सहित 25 लोगों ने रक्तदान किया। वहीं, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में गोष्ठियों का आयोजन कर रक्तदान का महत्व समझाते हुए स्वैच्छिक रक्तदान के लिए जागरूक किया गया।

स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में 25 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान के महत्व के दृष्टिगत जनमानस को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 एचसीएस मर्तोलिया, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 राजीव पाल द्वारा भी रक्तदान किया गया।

वहीं, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर कोठगी, रतूड़ा, तिमली, भीरी, पौड़ीखाल में जागरूकता संगोष्ठियों का आयोजन कर लोगों को रक्तदान का महत्व समझाया गया। गोष्ठियों में सीएचओ, एएनएम द्वारा कहा गया है कि रक्तदान किसी जरूरतमंदी की जिंदगी को बचा सकती है, स्वास्थ्य को लेकर कई मर्तबा ऐसी जटिलताएं पेश आ जाती हैं कि संबंधित मरीज को तत्काल रक्त चढाने की जरूररत होती है। ऐसी स्थिति में रक्तदान की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका होती है, जीवन को बचाने, रोगी की सर्जरी में मदद, कैंसर के उपचार आदि अन्य स्वास्थ्य से सबंधित खतरों से निपटने के लिए रक्तदान आवश्यक है।

गोष्ठियों में स्वैच्छिक रक्तदान की शपथ भी दिलाई गई। वहीं, आरबीएसके टीमों द्वारा विद्यालयों में छात्रों को रक्तदान के महत्व के बारे में जानकारी दी। इन कार्यक्रमों में पैथोलॉजिस्ट डा0 मनीष, लैब टैक्नीशियन प्रियंका पुरोहित, नरेंद्र रावत, हरेंद्र सिंह नेगी, विपिन सेमवाल, सीएचओ कोठगी सोनिका, भावना सैनी, ज्योति राणा, शिखा रतूड़ी, वर्षा रावत, प्रियंका आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)




## बांध प्रभावित ग्रामीणों ने विस्थापन की मांग उठाई

नई टिहरी : बांध प्रभावित तल्ला उप्पू के ग्रामीणों ने विस्थापन की मांग को लेकर डीएम और टीएचडीसी के अधिशासी निदेशक से भेंट की।

ग्रामीणों ने दोनों अधिकारियों से जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की है। टिहरी बांध प्रभावित तल्ला उप्पू के ग्रामीणों का एक प्रतिनिधि मंडल ने भाजपा के वरिष्ठ नेता व थौलधार ब्लॉक के पूर्व ब्लॉक प्रमुख खेम सिंह चौहान के नेतृत्व में बुधवार में डीएम डॉ. सौरभ गहरवार और टीएचडीसी के अधिशासी निदेशक एलपी जोशी अलग–अलग कर भेंट कर ग्रामीणों की समस्या रखी।

भाजपा नेता ने कहा कि तल्ला उप्पू के करीब 94 परिवारों ऐसे है, जिनका पुर्नवास होना है, ग्रामीण वर्षों से विस्थापन की मांग करते आ रहे हैं। विस्थापन की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा कई बार धरना प्रदर्शन किया गया है, लेकिन ग्रामीणों का विस्थापन नहीं हो पाया।

# केवि ग्वालदम के छात्रों ने प्रभात फेरी और साईकिल रैली निकाली

चमोली : केन्द्रीय विद्यालय सशस्त्र सीमा बल ग्वालदम में जी-20 क्रियाकलापों के अंतर्गत प्रभात फेरी और साईकिल रैली का आयोजन उल्लास और उत्साह के साथ किया गया। इसके अंतर्गत विद्यालय के माध्यमिक और उच्च माध्यमिक की छात्र-छात्राओं ने बहुत ही उत्साह के साथ भाग लिया। छात्रों ने देशभक्ति और जी-20 विषयक पंक्तियों का उद्घोष कर वातावरण और ग्वालदम परिसर को गुंजायमान कर दिया। सम्पूर्ण बाजार छात्रों की इस गतिविधि से अभिभूत हुआ। विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या अनीता बिष्ट ने इस प्रभात फेरी और साइकिल रैली का शुभारम्भ किया। सभी शिक्षकों ने इस गतिविधि में प्रतिभागिता की। कार्यक्रम का संयोजन राज सिंह रावत, कुंवर सिंह बिष्ट, सोनम ने किया। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा उप महानिरीक्षक सशस्त्र सीमा बल ग्वालदम ने इस कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर राकेश चन्द्र बबाड़ी, डॉ. वेदप्रकाश गर्ग, अभिषेक, हितेंद्र सिंह, विनय त्यागी, जयदेव, प्रवीन, सुमित, देवाशीष प्रधान कार्यक्रम में उपस्थित रहे। (एजेंसी)


**INSTITUTE OF HOSPITALITY, MANAGEMENT AND SCIENCES**

(B.E.L Road, Balbhadrapur, Kotdwara-246149, Uttarakhand)

Hiring for Assistant Professor in BHM(08), BBA(07), BCA & BSc.IT(08) for session 2023-24 Interested Candidates can go through the UGC Faculty Norms and share their profiles on the below-mentioned E-mai IDs. Candidates can apply within 20 Days of the advertisement date.

info@ihms.ac.in, director.academics@ihms.ac.in

◆ To know more about the institute kindly visit to

www.ihms.ac.in

Hard copy can also be submitted by post on the below address.

—— Director Academics ——
Institute of Hospitality, Management and Sciences
B.E.L Road, Balbhadrapur, Kotdwar-246149 (U.K.)
Ph. 01382-231892, Mob. 9897493494


## सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को पूरी तरह से बंद करने की अपील की

नई टिहरी : नगर पालिकाध्यक्ष सीमा कृषाली और ईओ नगर पालिका एमएल शाह के नेतृत्व में स्वच्छता जागरूकता सप्ताह अभियान के तहत नगर के विभिन्न वार्डों में कार्मिकों के साथ जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

इसी क्रम में बुधवार को भागीरथीपुरम कोटी कालोनी में विशेष सफाई अभियान भी चलाया गया। नपा ईओ एमएल शाह ने बताया कि क्लीनलीलेस ड्राइव के माध्यम से गीले और सूखे कूड़े को सोर्स से ही पृथक–पृथक करने की जानकारी दी गई। जबकि सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को पूरी तरह से बंद करने की अपील लोगों से की।

# तूना—बौंठा मोटर मार्ग से अतिक्रमण हटाया

रुद्रप्रयाग : तूना–बौंठा मोटर मार्ग पर किए गए अतिक्रमण पर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में लोनिवि, राजस्व व पुलिस बल के संयुक्त तत्वाधान में बड़ी कार्यवाही करते हुए किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। नायब तहसीलदार प्रताप सिंह ने बताया कि तूना–बौंठा मार्ग में क्षेत्र वासियों द्वारा जाम एवं अतिक्रमण के संबंध में की गई शिकायत का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों के साथ उक्त मोटर मार्ग का निरीक्षण करते हुए जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे, जिसमें राजस्व टीम एवं लोनिवि द्वारा संयुक्त रूप से मोटर मार्ग का निरीक्षण करते हुए किए गए अतिक्रमण को चिन्हित करते हुए संबंधित को अतिक्रमण हटाने के नोटिस जारी किए गए थे। किन्तु किसी भी व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया तथा चिन्हित किए गए अतिक्रमण को आज पुलिस बल की मौजूदगी में राजस्व टीम एवं लोनिवि की जेसीबी की मशीन द्वारा चिन्हित किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। इस अवसर पर कोतवाली निरीक्षक जयपाल सिंह नेगी, सहायक अभियंता लोनिवि संजय सैनी, अवर अभियंता रश्मि, राजस्व उपनिरीक्षक पुनाड़ शफीक अहमद सहित पुलिस बल मौजूद थे। (एजेंसी)




# सरकार दे रही सभी विभागों की जन सेवा केंद्रों के माध्यम से सेवाएं

नई टिहरी : प्रमुख सचिव समाज कल्याण एल फैनई ने जनपद टिहरी गढ़वाल के भ्रमण के दौरान बुधवार को देवभूमि जन सेवा केंद्र (सीएससी) चंबा पहुंचकर सरकारी व अन्य पोर्टल के माध्यम से दी जा रही सेवाओं की जानकारी लेते हुए कहा कि सभी विभागों की सेवाएं जन सेवा केंद्रों के माध्यम से सरकार दे रही है। आम लोग इसका अधिकाधिक लाभ लें। प्रमुख सचिव फैनई ने जनपद में पंजीकृत जन सेवा केंद्रों में प्रमाण पत्रों के आवेदन से लेकर प्रमाण पत्र निर्गत करने तक की पूरी प्रक्रिया की जानकारी ली। साथ ही एक आवेदक के स्थाई प्रमाण पत्र निर्गत प्रक्रिया का अपने समक्ष डेमो करवाया। आम लोग अपने अधिकारों के प्रति कितने जागरूक हैं, उनके द्वारा एक आवेदक से प्रमाण पत्र प्राप्त करने की समयबद्धता की जानकारी भी ली गई। उन्होंने जन सेवा केंद्र में सभी विभागों की आवश्यक सेवाओं को प्राप्त करने के लिए सभी आवश्यक दस्तावेजों की सूची लगाने। सेवा शुल्क सूची को मोटे अक्षरों में प्रदर्शित करने तथा सेवाएं समयान्तर्गत देने के निर्देश दिए गए। डीएम डा. सौरभ गहरवार ने जन सेवा केंद्र में उपलब्ध कराई जा रही अटल आयुष्मान कार्ड सेवा के संबंध में अवगत कराया गया। सीडीओ मनीष कुमार ने बताया कि जनपद में पंजीकृत जन सेवा केंद्रों से सभी संबंधित विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। पोर्टल में कुछ अतिरिक्त ऑप्शन जोड़ने, खतोनी को गतिशील करने की अपेक्षा है, ताकि आमजन को और अधिक सुविधा मिल सके। फर्जीवाड़ा को रोका जा सके। ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर हरेंद्र शर्मा ने बताया कि जनपद में 302 जन सेवा केंद्र संचालित हैं।


G20 | उत्तर रेलवे | आज़ादी का अमृत महोत्सव

(मुरादाबाद मण्डल)

निविदा सूचना

| क्र सं. | कार्य का नाम एवं लोकेशन | कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्यूरिटी राशि (रु.) | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवम कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 36/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2023 दूसरा कॉलः मुरादाबाद मंडल के उप स्टेशनों की खराब वस्तुओं की मरम्मत और प्रतिस्थापन के लिए विद्युत कार्य (एचटी और एलटी) और बीई डिपो में 33 केवी सब स्टेशन और एचटी/एलटी पैनल का सुधार और मरम्मत के लिए विद्युत कार्य। | 9762905.14 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद | 195300.00 | 6 (छह) माह | निविदाये दिनांक 07.07.2023 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय/उत्तर रेलवे मुरादाबाद |
| 2 | 05/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2022 छठा कॉलः मुरादाबाद मंडल पर रेलवे क्वार्टरों की रीवायरिंग के लिए शेष कार्य। (लगभग 1000 संख्या) | 9592589.47 (जीएसटी सहित) | | 191900.00 | 6 (छह) माह | | |

निविदा सूचना सं. : 28/2023 दिनांक : 14.06.2023 | 1834/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सम्पादकीय

# खतरनाक खेल

पाकिस्तान की सेना संभवतः यह भूल गई है कि जब वहां किसी लोकप्रिय नेता को राजनीति से हटाने की जब कोशिशें हुईं, तो उसके कैसे नतीजे सामने आए। ऐसे कदमों से असंतोष बढ़ा और स्थायी समस्याएं पैदा हुईं। एक बार तो देश का बंटवारा ही हो गया। अब यह साफ है कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को सियासी रूप से नष्ट करने में वहां का 'ऐस्टैबलिशमेंटड्ढ (सेना+खुफिया नेतृत्व) फिलहाल सफल हो गया है। इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) में अब गिने–चुने नेता ही बचे हैं। बाकी नेता ऐस्टैबलिशमेंट का दबाव नहीं झेल पाए, जैसा करना पाकिस्तान में कभी आसान नहीं रहा है। जुल्फिकार अली भुट्टो ने 1970 के दशक में ऐसा करने की कोशिश की थी, तो उसकी कीमत उन्हें अपनी जान देकर चुकानी पड़ी थी। अब इमरान खान पर भी एक वकील की हत्या के मामले में मुकदमा दर्ज कराया जा चुका है। कई हलकों में इसे भुट्टो कांड की पुनरावृत्ति के रूप में देखा गया है। बहरहाल, इमरान खान के मामले में पाकिस्तान की सेना उस हद तक जाएगी या नहीं, यह अभी साफ नहीं है। यह स्पष्ट है कि पीटीआई की सियासी हत्या का काम काफी आगे बढ़ चुका है। पिछले दिनों पार्टी से निकले नेता जहांगीर खान तरीन ने अपनी नई पार्टी बना लीहै। इसका नाम इस्तेहकाम–ए–पाकिस्तान (आईपीपी) रखा गया है। आम राय है कि में यह पार्टी ऐस्टैबलिशमेंट की शह पर और उसके निर्देशन में बनाई गई है। इसका मकसद इमरान खान को राजनीति से अलग–थलग करना और पाकिस्तान में ऐस्टैबलिशमेंट की मन–माफिक विपक्षी पार्टी का गठन है। आईपीपी में कई ऐसे नेता शामिल हुए हैं, जिन्होंने पिछले एक महीने के दौरान पीटीआई छोड़ी है। यह खेल इतने खुले रूप में खेला जा रहा है कि वहां के कुछ साहसी टीकाकार इसे सार्वजनिक रूप से कह रहे हैं। उन्होंने यह बताया है कि इमरान खान को यह संदेश दिया गया कि वे या तो खुद को राजनीति से अलग कर लें या अपनी आंखों के सामने अपनी पार्टी नष्ट होती देखें। ऐसा करते हुए ऐस्टैबलिशमेंट यह भूल गया कि पाकिस्तान में लोकप्रिय नेता को राजनीति से हटाने की जब कोशिशें हुईं, तो उसके कैसे नतीजे सामने आए। ऐसे कदमों से असंतोष बढ़ा और स्थायी समस्याएं पैदा हुईं। शेख मुजीबुर रहमान के साथ पहले ऐसी कोशिश हुई थी और फिर भुट्टो के साथ। अब इमरान खान अगले ऐसे नेता बने हैं।

# एक—एक सीट बचाने का जुगाड़

भारतीय जनता पार्टी की चुनावी रणनीति कई स्तर पर बन रही है। एक रणनीति उन राज्यों की है जहां भाजपा ने सारी सीटें जीती हैं या जिन राज्यों की ज्यादातर सीटें उसने पिछले चुनाव में जीती थी। इसके अलावा एक रणनीति उन राज्यों के लिए है, जहां भाजपा ने कम सीटें जीती हैं या कोई सीट नहीं जीती है। जिन राज्यों में भाजपा ने एक, दो या तीन सीट जीती है वहां उन सीटों को बचाने का जुगाड़ बनाया जा रहा है। इसका कारण यह है कि भाजपा एक भी सीट गंवाना अफोर्ड नहीं कर सकती है क्योंकि उसकी भरपाई का उपाय उसको नहीं दिख रहा है। कहीं से भी एक सीट कम होती है तो उसके बदले नई जगह सीट जीतने की संभावना नहीं है। ऐसा इसलिए है क्योंकि अपने मजबूत असर वाले राज्यों में भाजपा ने सारी सीटें पहले से जीती हैं या ज्यादातर सीटें जीती हैं। इसलिए वहां सीट बढ़ नहीं सकती है। अगर वहां भी सीटें कम हुईं और एक–एक सीट वाले राज्यों में भी नुकसान हुआ तो बड़ा नुकसान हो जाएगा।

तभी भाजपा ने पंजाब की अपनी दो लोकसभा सीटें बचाने के लिए अकाली दल से तालमेल का फैसला किया है। उसे हर हाल में पंजाब की दो और चंडीगढ़ की एक सीट बचानी है। इसी तरह तेलंगाना की चार सीटें भाजपा को हर हाल में बचानी है। इसके लिए टीडीपी से तालमेल की जरूरत हो या जगन मोहन रेड्डी की बहन वाईएस शर्मिला की नई बनी पार्टी से तालमेल करना पड़े, भाजपा वह करेगी। आंध्र प्रदेश में भाजपा को पिछली बार एक भी सीट नहीं मिल पाई थी, जबकि 2014 में टीडीपी के साथ रहने पर उसने दो सीटें जीती थीं। 2024 में भाजपा कम से कम दो सीट जीतने के उपाय कर रही है। इसलिए टीडीपी को साथ लिया जा रहा है। ऐसे ही तमिलनाडु में भाजपा का खाता नहीं खुला था। इस बार वह एक या दो सीट जीतने की योजना पर काम कर रही है। केरल में पार्टी का खाता खुलने की संभावना कम है पर ईसाई वोट साधने की योजना पर काम हो रहा है ताकि एक भी सीट जीती जा सके। इसी तरह पूर्वोत्तर में त्रिपुरा की दोनों सीटें बचाने के लिए पार्टी हर संभव प्रयास करेगी।

# औरत के दैहिक अधिकार को लेकर फैसला

**अजय दीक्षित**

केरल उच्च न्यायालय ने इधर औरत के दैहिक अधिकार को लेकर जो महत्त्वपूर्ण फैसला दिया है, उसकी न केवल भरपूर सराहना की जानी चाहिये, बल्कि औरत की अग्रगामिता के हक उसका स्वागत भी किया जाना चाहिये। केरल की महिला अधिकार कार्यकर्ता रेहाना फातिमा ने कुछ वर्ष पूर्व अपने शरीर के ऊपरी भाग पर अपने दो अवयस्क बच्चों की पेंटिंग कराई थी और इसके वीडियो को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया था। इस पर पुरुषवादी पुरातनपंथियों ने जमकर हो–हल्ला मचाया था। फातिमा के इस कृत्य को अश्लील और वाल अधिकारों का हनन बताकर उनके विरुद्ध पोक्सो एक्ट तथा सूचना प्रौद्योगिकी कानूनों के अन्तर्गत दण्डात्मक कार्रवाई की गई। फातिमा ने इसे उच्च न्यायालय में चुनौती दी और अंततः उन्हें सभी आरोपों से वरी कर दिया गया। फैसला सुनाते हुये न्यायाधीश ने फातिमा के इस तर्क को पूरी तरह स्वीकार किया कि उनकी देह उनकी है, जिस पर उनका पूरा अधिकार है। उनके अर्धनग्न प्रदर्शन को पुरुष– स्थापित नैतिकता के मानदण्डों के अनुसार न तो अश्लील माना जाना चाहिये और न ही यौन उत्तेजक । न्यायाधीश ने अपने फैसले में जिन बातों को स्थापित किया वे कई दृष्टियों से महत्त्वपूर्ण हैं। कहा गया कि औरत के ऊपरी हिस्सों का नग्न प्रदर्शन सिर्फ इसलिए कि वह औरत का है, अश्लील, अशोभनीय और यौनिक नहीं माना जा सकता। समाज की नैतिकता और कानून हमेशा एक रूप नहीं होते । समलैंगिक विवाह, लिव इन रिश्ते समाज की दृष्टि से अनैतिक हो सकते हैं, लेकिन कानून की दृष्टि से ये अपराध नहीं हैं। इसलिए दण्डनीय भी नहीं हैं।

# ब्रिटेन में भी ट्रंप जैसा बोरिस का हल्ला

**श्रुति व्यास**

अंतर्राष्ट्रीय राजनीति इन दिनों जिस मोड़ पर है, वह जितनी दिलचस्प है उतनी ही चिंताजनक भी। एक ओर डोनाल्ड ट्रंप है, जो मुकदमों का सामना करते हुए भी रिपब्लिकन पार्टी और उसके मतदाताओं के दिलों पर राज कर रहे हैं। उनके दुबारा व्हाईट हाउस पहुंचने की चर्चा आम है। इसका अमेरिकी लोकतंत्र और दुनिया में उसके दबदबे पर असर पड़ेगा। दूसरी ओर इंग्लैंड के ट्रंप हैं बोरिस जॉनसन। वे भी भीड़ में जोश और उन्हे बहकाने की तरकीबें जानते हैं।उन्होने9 जून की शाम संसद से इस्तीफा दिया।लेकिन हमलावर और प्रतिद्वंद्वियों पर आरोप लगाते हुए। बारिस भी ट्रंप की तरह बेकसूर होने का हल्ला कर रहे हैं। उन्होंने कहा, "ब्रेक्सिट का बदला लेने और सन् 2016 के जनमत संग्रह के नतीजों को पलटने के लिए बलि का बकरा ढूंढ़ा जा रहा है।" मुझे जबरन निशाना बनाया जा रहा है, यह राजनैतिक बदला है, बिना किसी सुबूत मुझे अपराधी करार दिया जा रहा है आदि आदि।

बोरिस जॉनसन के कई झूठ सामने आ रहे हैं। कोविड लाक-डाउन के दौरान हुए पार्टीगेट कांड की पार्टी की योजना उन्होंने ही बनाई थी और कानून तोड़ा था। उनके चाल–चलन के बारे में सब जानते ही हैं।'डेली टेलीग्राफड्ढ के पूर्व संपादक मैक्स हेस्टिंग्स ने जानसन के प्रधानमंत्री बनने के ठीक पहले कहा था, "यह बहस का मुद्दा हो सकता है कि वे बदमाश हैं या केवल कपटी, लेकिन उनका नैतिक दिवालियापन, जिसकी जडें सच्चाई की परवाह न करने की उनकी प्रवृत्ति में है, संदेह से परे है।"

जॉनसन की जांच कई महीनों से लटकी हुई थी। यह भी एक कारण था जिससे ऋषि सुनक के प्रधानमंत्री बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ। पिछले हफ्ते, संसदीय कमेटी की जांच की रिपोर्ट को जॉनसन से साझा किया गया। इसे अभी प्रकाशित नहीं किया गया है परन्तु इसमें जॉनसन पर गंभीर आरोप लगाये गए हैं। ब्रिटिश मीडिया के अनुसार इस जांच में जो सामने आया है, उसके चलते जॉनसन को दस दिन से अधिक के लिए संसद से निलंबित किया जा सकता था। इसका संभावित परिणाम हो सकता था लंदन के उपनगरीय संसदीय क्षेत्र अक्सब्रिज और साउथ रॉयस्लिप में उपचुनाव। और यह सुरक्षित सीट नहीं है। लेकिन जॉनसन दो कदम और आगे चले गए। शायद उनमें असुरक्षा का भाव है या खबरों में रहने, और बदनामी का डर। जो भी हो, इस्तीफा देने के बाद जॉनसन अपनी पार्टी के नेताओं की आलोचना करने लगे हैं। उनके अनुसार, रिमेनर्स (वे



जॉनसन की विदाई से एक और चर्चा शुरू हो गयी है। और वह यह कि ब्रिटेन में एक नयी दक्षिणपंथी पार्टी उभर सकती है। इन कयासों को पिछले कुछ हफ़्तों से पंख लग गए हैं। कंजरवेटिव पार्टी की2019 में हुई जीत के रणनीतिकार डोमिनिक कम्मिंग्स ने अपनी कई पोस्टों में यह बताया है कि वे किस तरह नयी पार्टी का गठन करेंगे। ऐसा बताया जा रहा है कि ब्रिटिश राजनीति में एक ऐसी नयी पार्टी के लिए जगह है जो आर्थिक मुद्दों पर वामपंथी हो और सामाजिक मसलों में दक्षिणपंथी। अगर जनता इस कमी को पूरी करने वाली पार्टी का स्वागत करती है तो इस बात की सम्भावना है कि जॉनसन जीत जाएं। जॉनसन का यूनाइटेड किंगडम का प्रधानमंत्री बनना भी एक अकस्मात घटनाक्रम था। वे ब्रेक्सिट के मुद्दे पर हुई ड्रामेबाजी की लहर पर चढ़कर 10, डाउनिंग स्ट्रीट पहुंचे थे।

लोग जो चाहते थे कि ब्रिटेन यूरोपियन यूनियन में बना रहे) का एक गुट उन्हें सत्ता से बाहर करने पर आमादा था।

लेकिन संसद के गलियारों में जानसन के पतन की कहानी खुद जानसन ने ही लिखी है। ट्रंप के विपरीत, जॉनसन को बिल्कुल पसंद नहीं किया जाता। उन्हें अब ब्रिटेन के सबसे घटिया प्रधानमंत्रियों में से एक माना जाता है, उन्हें एक कलंक बताया जाता है, जिसके कारण डाउनिंग स्ट्रीट की बदनामी हुई।'द इकोनोमिस्टड्ढ के अनुसार आकंड़ों से पता चलता है कि उनकी लोकप्रियता उतनी ही है जितनी कि चीन के राष्ट्रपति शी जिंनपिंग की। इसलिए सत्ता में उनकी वापसी उनके अंधभक्तों के अलावा सभी को एक बेतुका सपना लगती है।

लेकिन सभी समकालीन लोकलुभावन नेताओं की तरह वे जानते हैं कि समाचारों और चर्चाओं के केन्द्र में कैसे रहा जा सकता है। वे दिलचस्प ढंग से व्यवहार करते हैं और उनकी बातें मजेदार होती हैं। परन्तु उनके आलोचकों का मानना है कि प्रजातान्त्रिक ढंग से चुने गए नेताओं पर उनके हमले घोर अप्रजातांत्रिक हैं और उनका कार्यकाल घिनौना और भ्रष्ट था।

जॉनसन की विदाई से एक और चर्चा शुरू हो गयी है। और वह यह कि ब्रिटेन में एक नयी दक्षिणपंथी पार्टी उभर सकती है। इन कयासों को पिछले कुछ हफ़्तों से पंख लग गए हैं। कंजरवेटिव पार्टी की2019 में हुई जीत के रणनीतिकार डोमिनिक कम्मिंग्स ने अपनी कई पोस्टों में यह बताया है कि वे किस तरह नयी पार्टी का गठन करेंगे। ऐसा बताया जा रहा है कि ब्रिटिश राजनीति में एक ऐसी नयी पार्टी के लिए जगह है जो आर्थिक मुद्दों पर वामपंथी हो और सामाजिक मसलों में दक्षिणपंथी। अगर जनता इस कमी को पूरी करने वाली पार्टी का स्वागत करती है तो इस बात की सम्भावना है कि जॉनसन जीत जाएं। जॉनसन का यूनाइटेड किंगडम का प्रधानमंत्री बनना भी एक अकस्मात घटनाक्रम था। वे ब्रेक्सिट के मुद्दे पर हुई ड्रामेबाजी की लहर पर चढ़कर 10, डाउनिंग स्ट्रीट पहुंचे थे। अगर वे देश के मुखिया न होते तो शायद यूरोपियन यूनियन से बाहर निकलने का ब्रिटेन का अभियान सफल नहीं हुआ होता। बहुत कम ऐसे प्रधानमंत्री होंगे जो ब्रिटेन को यूरोपियन यूनियन से बाहर लाने के लिए संवैधानिक दृष्टि से संदिग्ध तिकड़में भिड़ाते रहे। जैसे संसद को गलत ढंग से सस्पेंड करना और अपनी ही पार्टी के 21 सांसदों को पार्टी से बाहर कर देना।बावजूद इसके जॉनसन ने2019 में जो जीत हासिल की वह मार्गरेट थैचर जितनी ही बड़ी थी।

ब्रिटिश मीडिया जॉनसन को दुनिया में देश की इज्ज़त और विरासत को मिट्टी में मिलाने वाला बता रहा है, विशेषकर ब्रेक्सिट मसले को लेकर। परन्तु जॉनसन को नहीं लगता कि उनका समय समाप्त हो गया है। वे ट्रम्प की तरह तीखी और असभ्य भाषा का उपयोग करके एक बार फिर प्रधानमंत्री बनने का प्रयास करेंगे। यह ऋषि सुनक, कंजरवेटिव पार्टी और ब्रिटिश प्रजातंत्र तीनों के लिए चुनौती है।

# क्या राजस्थान, मप्र, छतीसगढ़ में कांग्रेस जीतेगी?

**हरिशंकर व्यास**

सवाल पर जरा मई 2024 की प्रधानमंत्री मोदी की चुनावी परीक्षा के संदर्भ में सोचें। तो जवाब है कतई नहीं। इन राज्यों में कांग्रेस को लोकसभा की एक सीट नहीं मिलनी है। मई 2024 का लोकसभा चुनाव मोदी के लिए आखिरी, जीवन–मरण का, मरता क्या न करता के एक्सट्रीम दावों का है। तब भला दिसंबर के तीन विधानसभा चुनावों में वे कैसे इन तीन राज्यों में कांग्रेस की सरकार बनने देंगे? खासकर राजस्थान और छतीसगढ़ में, सत्ता में रहते हुए कांग्रेस का दुबारा जीतना! यों इन तीन राज्यों में भाजपा कुछ अहम चेंज करने वाली है। उसकी टाइमलाइन अनुसार सचिन पायलट का फैसला होने वाला है। सीबीआई–ईडी की कार्रवाईयां होने वाली हैं। लेकिन पिछले दस दिनों में मोदी–शाह–नड्डा के सोच–विचार तथा पार्टी की अपनी अंदरूनी फीडबैक के बाद तीनों राज्यों में भाजपा के आला मंत्रियों–सांसदों, संगठन मंत्रियों की जिलावार जो सक्रियता बनती दिख रही है तो अपना मानना है कि कर्नाटक चुनाव के बाद राहुल गांधी भले मध्य प्रदेश में रिकार्ड जीत की बातें करें, भाजपा तीनों राज्यों में कांग्रेस की चुनावी हवा नहीं बनने देगी! कैसे? तो नोट करें इन बातों पर– 1. विधानसभा चुनावों को भाजपा राष्ट्रीय शक्ल देने वाली है। कुछ जानकारों का कयास है कि मोदी ऐसा हल्ला बनाएंगे कि लोकसभा चुनाव सहित आगे–पीछे के विधानसभा चुनाव फरवरी–मार्च में एक साथ कराएं। मैं इसे फालतू मानता हूं। हां, यह संभव है कि मध्य प्रदेश, राजस्थान, छतीसगढ़, तेलंगाना तथा मिजोरम के पांच चुनावों के साथ अपनी सरकारों के प्रदेशों अरूणाचल प्रदेश, हरियाणा तथा आंध्र प्रदेश व सिक्किम की सरकारों को मना कर नौ विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाएं। नौ में से एक–आधे राज्य में भाजपा हार भी जाए तो मोटा–मोटी जीतने की हवा तो भाजपा की! सो, लोकसभा की 86 सीटों पर एक साथ विधानसभा चुनाव। 2.– कांग्रेस और कांग्रेस मुख्यमंत्रियों को ईडी–सीबीआई के छापों से केंद्र इतना खाली बना देगी कि न ये अपने को प्रोजेक्ट कर पाएंगे और न मीडिया–सोशल मीडिया में उनके प्रादेशिक मुद्दों, चेहरों, काम और वादों का हल्ला बन सकेगा। 3. विधानसभा चुनाव के प्रादेशिक चेहरों मतलब मुख्यमंत्री या कमलनाथ,



हुड्डा, शिवराज, गहलोत, बघेल आदि की चुनाव में खास चर्चा ही नहीं होने दी जाएगी। 4. सबसे बड़ी बात नरेंद्र मोदी अपनी विश्व नेता, दशहरा–दुर्गापूजा–दीपावली के मौकों पर अयोध्या में जगमग, विंध्यवासिनी कॉरिडोर उद्घधाटन, राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा तैयारी जैसी सक्रियता से खुद चुनावों की धुरी बने होंगे।

कह सकते हैं ऐसा मोदी ने कर्नाटक में भी किया था तो राजस्थान, मध्य प्रदेश, छतीसगढ़ में क्या गारंटी की मोदी फ्लॉप नही हों! ठीक दलील है। दिक्कत यह है कि चुनाव हिंदीभाषी प्रदेशों में है। दूसरी बात कर्नाटक में कांग्रेस संगठन, प्रदेश नेताओं की संख्या दमदार और असरदार थी। वही राजस्थान में अकेले अशोक गहलोत, मध्य प्रदेश में कमलाथ तथा छतीसगढ़ में भूपेश बघेल की ऊंगली पर कांग्रेस का पर्वत है। तीनों राज्यों में वोट आधार लिए कुछ कांग्रेसी नेताओं को भाजपा तोडऩे वाली है। मोदी–शाह की रणनीति में नई दिक्कत सिर्फ यह है कि दलित–आदिवासी–मुस्लिम वोट शिद्दत से कांग्रेस से जुड़ते हुए हैं उससे गहलोत–कमलनाथ और भूपेश बघेल के अनुकूल हवा बनेगी। लेकिन राजस्थान में भाजपा गुर्जर–जाट–आदिवासी–मीणा का नया सियासी एलायंस बनाने की जुगाड़ में है। वही मध्य प्रदेश और छतीसगढ़ में नरेंद्र मोदी खुद डेरा डालकर पिछड़ा कार्ड चलाने वाले हैं। तीनों प्रदेशों में भाजपा के कई इक्के हैं। भाजपा के अंदरूनी आकलन में राजस्थान व छतीसगढ़ दोनों जगह मंत्रियों, विधायकों के खिलाफ एंटी इन्कम्बेंसी जबरदस्त है।हां, कर्नाटक बनाम राजस्थान, छतीसगढ़ का सबसे बड़ा फर्क यह है कि इन दो राज्यों में कांग्रेस सत्ता में है। दोनों में गहलोत व बघेल की प्रभावी इमेज मंत्रियों–विधायकों के खिलाफ माहौल से अधिक ताकतवर नहीं है। मतलब लोग मंत्रियों–विधायकों के चेहरे को भुलाकर अकेले गहलोत, बघेल के चेहरे पर ही वोट डालें, यह मुमकिन नहीं है। भाजपा ने राजस्थान के एक–एक जिले को केंद्रीय मंत्री– चुनावी गणित के जानकार के सुपुर्द किया है। कल ही किसी ने बताया कि पीयूष गोयल–पूनम महाजन अलवर जा कर जिले की तैयारी व मूड बूझेंगे। संघ संगठनों, भाजपा, आईटी सेल की तैयारी, सर्वेक्षण टीमों के सर्वे लगातार होते हुए हैं। राजस्थान में भाजपा की सुपर हिट रणनीति यही रही जो कांग्रेस और सीएम गहलोत को घेरने के लिए सचिन पायलट का फच्चर बनवाए रखा। इसी में गहलोत पूरे चार साल उलझे रहे। उन्हें अपने एक–एक मंत्री, एमएलए को अपने–अपने जिले, इलाके का मुख्यमंत्री सा बनाना पड़ा। इन्हीं की हर जिले में चली। कांग्रेसियों में ही परस्पर खुन्नस बनी। तभी लोग और खुद जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता विधायक–मंत्रियों की मनमानी–दादागिरी के खिलाफ वोट देते हुए, उनकी जमानत जब्त करवाते हुए हों तो आश्चर्य नहीं होगा।

हां, कर्नाटक बनाम राजस्थान, छतीसगढ़ का सबसे बड़ा फर्क यह है कि इन दो राज्यों में कांग्रेस सत्ता में है। दोनों में गहलोत व बघेल की प्रभावी इमेज मंत्रियों—विधायकों के खिलाफ माहौल से अधिक ताकतवर नहीं है। मतलब लोग मंत्रियों—विधायकों के चेहरे को भुलाकर अकेले गहलोत, बघेल के चेहरे पर ही वोट डालें, यह मुमकिन नहीं है। भाजपा ने राजस्थान के एक—एक जिले को केंद्रीय मंत्री— चुनावी गणित के जानकार के सुपुर्द किया है। कल ही किसी ने बताया कि पीयूष गोयल—पूनम महाजन अलवर जा कर जिले की तैयारी व मूड बूझेंगे। संघ संगठनों, भाजपा, आईटी सेल की तैयारी, सर्वेक्षण टीमों के सर्वे लगातार होते हुए हैं। राजस्थान में भाजपा की सुपर हिट रणनीति यही रही जो कांग्रेस और सीएम गहलोत को घेरने के लिए सचिन पायलट का फच्चर बनवाए रखा। इसी में गहलोत पूरे चार साल उलझे रहे। उन्हें अपने एक—एक मंत्री, एमएलए को अपने—अपने जिले, इलाके का मुख्यमंत्री सा बनाना पड़ा। इन्हीं की हर जिले में चली। कांग्रेसियों में ही परस्पर खुन्नस बनी।

संभव नहीं लगता कि ऐसी घनघोर एंटी इन्कम्बेंसी को बूझते हुए खडग़े, राहुल गांधी, गहलोत कांग्रेस के मौजूदा 107 विधायकों में आधे के भी टिकट काट पाएं जबकि 107 में बहुसंख्यक कांग्रेसी एमएलए एंटी इन्कम्बेंसी–बदनामी में हारने वाले हैं। ऐसी ही एंटी इन्कम्बेंसी का भाजपा छतीसगढ़ में भी हिसाब लगाए हुए है। बहरहाल, माइक्रो रियलिटी का असल हिसाब सितंबर में लगेगा। फिलहाल मोटी बात 73 लोकसभा सीटों वाले पांच राज्यों में कांग्रेस की दो–चार सीट जीतने की गुंजाइश भी नहीं है। क्या कांग्रेस से ऐसे पांच नाम भी सोचें जा सकते हैं, जिनसे लोकसभा चुनाव जीतने का दम दिखे? तभी विपक्ष–कांग्रेस पवार–केजरीवाल–राहुल–नीतीश सभी गंभीरता से सोचें कि एक कर्नाटक जीत से क्या हिंदीभाषी इलाकों में भी हालात बदला मानें? मोदी हार जाएंगे?

# गर्दन की अकडन और दर्द से जल्द राहत दिलाएंगे ये नुस्खे, जानिए इस्तेमाल करने का तरीका

ऑफिस में लंबे समय तक लैपटॉप के सामने बैठे रहने या लेटकर कई घंटों तक मोबाइल का इस्तेमाल करने की वजह से गर्दन का दर्द एक आम समस्या बन गई है। तनाव और सोने की गलत पोजीशन गर्दन में अकडऩ और दर्द के प्रमुख कारण हैं, जो दर्दनाक और असहज होते हैं। इस दर्द से जल्द राहत पाने के लिए कुछ प्राकृतिक और घरेलू उपचार अपनाए जा सकते हैं। चलिए आज इसी से जुड़े 5 नुस्खे जानते हैं।

**ठंडा या गर्म सिकाई करें**

अगर आप गर्दन के दर्द से जल्दी राहत पाना चाहते हैं तो ठंडा या गर्म सिकाई करें। इससे मांसपेशियों को आराम मिलेगा और यह गर्दन में रक्त के प्रवाह को तेज करके दर्द से निजात दिलाने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए प्रभावित हिस्से पर 20 मिनट के लिए हीटिंग पैड या आइस पैक लगाएं। गर्मी सख्त मांसपेशियों को आराम देगी, जबकि ठंडी सिकाई सूजन को कम करने में मददगार है। इसे दिन में 2–3 बार दोहराएं।

**सेब का सिरका है उपयोगी**

सेब का सिरका एंटी–इंफ्लेमेटरी और एंटी–ऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होता है। यह गर्दन और मांसपेशियों के दर्द और तनाव को दूर करने के लिए एक बेहतरीन घरेलू उपाय है। लाभ के लिए एक मुलायम रुमाल को थोड़े से सेब के सिरके में भिगोएं और फिर इसे गर्दन पर करीब 1 घंटे के लिए रखें। बेहतर परिणाम के लिए ऐसा दिन में 2 बार करें। सेब के सिरके से जुड़े इन हैक्स को भी आजमाएं।

**एप्सम सॉल्ट से नहाएं**

एप्सम सॉल्ट एंटी–इंफ्लेमेटरी गुणों से समृद्ध होता है, इसलिए यह मांसपेशियों को आराम और दर्द और सूजन ने राहत दिलाने में मददगार है। लाभ के लिए गुनगुने पानी में 1–2 कप एप्सम सॉल्ट मिलाएं और दिन में कम से कम एक बार अपने शरीर विशेषकर गर्दन के हिस्से को 15–20 मिनट के लिए इसमें भिगोएं। नहाते समय भी आप इसी पानी का इस्तेमाल करें। यह सख्त मांसपेशियों को शांत और सूजन को कम करेगा।

**एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल करें** एसेंशियल ऑयल की सुखदायक महक सख्त और तंग गले की मांसपेशियों को आराम और दर्द और सूजन से राहत देने में मदद कर सकती है। इसके अलावा यह थकान को दूर करके दिमाग को शांत करने और तनाव और चिंता को कम करने में भी मदद करता है। इसके लिए पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल को लैवेंडर ऑयल, गर्म जैतून के तेल और तुलसी के तेल के साथ मिलाएं। अब इस मिश्रण से गर्दन पर कुछ देर तक मालिश करें।

**अदरक का तेल भी आएगा काम**

अदरक में एंटी–इंफ्लेमेटरी, औषधीय और एंटी–सेप्टिक गुण होते हैं, जो गर्दन और पीठ दर्द को कम करने में मदद करते हैं।

यह रूमेटाइड आर्थराइटिस और ऑस्टियोआर्थराइटिस से जुड़े दर्द को कम करने में भी मदद करता है। दर्द और सूजन को कम करने के लिए आप रोजाना 2–3 कप अदरक की चाय में शहद मिलाकर पी सकते हैं। इसके अलावा गर्दन के प्रभावित हिस्से के दर्द को शांत करने के लिए रोजाना इस पर 2–3 बार अदरक का तेल लगाएं।



## नाइजीरिया में नदी में डूबी नाव, 103 लोगों की मौत

**अबुजा, ,एजेंसी।** देश के केंद्रीय राज्य क्वारा में एक नाव पलटने से कम से कम 103 लोगों की मौत हो गई और करीब 100 अन्य को बचा लिया गया। क्वारा में पुलिस के प्रवक्ता अजय ओकासनमी ने मंगलवार को शिन्हुआ को बताया कि दुर्घटना सोमवार सुबह राज्य के पाटिगी स्थानीय सरकार क्षेत्र में एक नदी में हुई, जब यात्री मध्य क्षेत्र में पड़ोसी नाइजर राज्य से घर लौट रहे थे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ओकासनमी ने कहा कि कुछ अन्य लापता हैं। बचाव अभियान चल रहा है।

पुलिस अधिकारी ने कहा, मैं इस बात की पुष्टि कर सकता हूं कि इस घटना में 200 से अधिक लोग शामिल है। हम शेष को बचाने और अन्य शवों को बरामद करने के लिए बचाव दल और सरकार की अन्य एजेंसियों के साथ सहयोग जारी रखें हैं। पहले के एक बयान में, क्वारा राज्य के गवर्नर अब्दुलरहमान अब्दुलराजक ने कहा कि घटना के पीड़ित पड़ोसी नाइजर में एक शादी समारोह से लौट रहे थे, जब यह घटना हुई। इस पश्चिम अफ्रीकी देश में अक्सर नाव दुर्घटनाओं की खबरें आती रहती हैं

## ट्रंप की कोर्ट में हुई पेशी, सीक्रेट डॉक्यूमेंट केस में खुद को बताया बेगुनाह

**वाशिंगटन,एजेंसी** । अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर सीक्रेट फाइलें घर में छुपाने के आरोप लगे थे। इन आरोपों के बीच ट्रंप की फ्लोरिडा राज्य की मियामी कोर्ट में पेशी हुई। मीडिया रिपोर्ट की माने तो ट्रंप को सीक्रेट डॉक्यूमेंट केस से जुड़े 37 मामलों का सामना करने के लिए कस्टडी में लिया गया था। खबरों के अनुसार मियामी की अदालत में ट्रंप के फिंगर प्रिंट भी रिकॉर्ड किए गए। पेशी के दौरान ट्रंप ने खुद को बेगुनाह बताया। डोनाल्ड ट्रंप के वकील ने सुनवाई के दौरान कोर्ट में कहा की हम निश्चित रूप से दोषी नहीं होने की दलील दे रहे हैं.। वहीं खबरों की माने तो ज्यूरी ने ट्रंप को बिना शर्त कोर्ट से जाने की परमिशन दे दी है।

खबरों के अनुसार अमेरिकी न्याय विभाग ने बीते शुक्रवार को डोनाल्ड ट्रंप पर लगाए आरोपों को सार्वजनिक किया था। उनके खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालना, परमाणु और डिफेंस सीक्रेट्स की फाइलें गलत तरीके से अपने पास रखने जैसे आरोप शामिल हैं।

## प्रशिक्षण के दौरान जवान ने अपने ही साथियों पर बरसाईं गोलियां, 2 की मौत

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान के गिफू शहर में स्थित सैन्य अभ्यास केंद्र में प्रशिक्षण के दौरान जापानी आत्मरक्षा बल के एक सदस्य ने अपने साथियों पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। गोलीबारी में 2 जवानों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हुआ है। मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाजू मात्सुनो ने बताया कि गोली चलाने वाले 18 वर्षीय आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना सुबह 9:00 बजे हुई और इस दौरान आरोपी ने एक के बाद एक 8 गोलियां चलाईं। जानकारी के मुताबिक, गोलीबारी में जान गंवाने वाले 2 सदस्य काफी समय से प्रशिक्षण केंद्र में आत्मरक्षा बल में सेवाएं दे रहे थे।

## पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा से पहले अमेरिकी कॉर्पोरेट जगत उत्साहित

**वॉशिंगटन ,एजेंसी** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा से पहले अमेरिकी कॉरपोरेट जगत के दिग्गजों ने कहा है कि वे भारत को लेकर उत्साहित हैं और सेमीकंडक्टर, रक्षा, साइबर सुरक्षा और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच प्रौद्योगिकी सहयोग को आगे बढ़ते देखना चाहते हैं।

# अयोध्या में आने वाले हर श्रद्धालुओं को होगा विशिष्ट संतुष्टि का अनुभव: योगी



**अयोध्या, एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिन के दौरे पर बुधवार को अयोध्या पहुंचे। अयोध्या आगमन पर मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी पहुंच कर दर्शन-पूजन किया और फिर निर्माणाधीन श्रीरामजन्मभूमि मंदिर निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। अयोध्या के इस विशेष दौरे के अवसर पर मुख्यमंत्री ने शासन स्तर के करीब दर्जन भर विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव के साथ अयोध्या में संचालित विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और अयोध्या के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व का उल्लेख करते हुए अयोध्या को 'नगरीय विकास के मॉडल शहर' के रूप में विकसित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप धर्मनगरी अयोध्या का समग्र विकास सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में है। देश-दुनिया के लोग 'दिव्य, भव्य, नव्य अयोध्या' के दर्शन को आतुर हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि अयोध्या आने वाला हर श्रद्धालु/पर्यटक यहां से लौटते हुए एक विशिष्ट शांति, संतोष और आनंद का भाव लेकर जाए। उन्होंने पुलिस से आम नागरिकों और पर्यटकों व श्रद्धालुओं के साथ संवेदनशील व्यवहार करने पर जोर दिया, साथ ही कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश भी दिए।

क्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में व्यापक जनहित की है हजारों-करोड़ों की परियोजनाएं प्रक्रियाधीन हैं। हर एक परियोजना महत्वपूर्ण है। यह आवश्यक है कि विभागों के बीच परस्पर समन्वय हो। सभी विभाग अलग-अलग प्रोजेक्ट बनाने के स्थान पर एक समन्वित कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। अंतर्विभागीय समन्वय के साथ समयबद्ध ढंग से सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि अयोध्या में 24 घंटे पेयजल उपलब्ध कराये जाने के लिए वाटर एक्शन प्लान तथा वाटर बैलेन्स प्लान तैयार कराया जाए। साथ ही, सीवर नेटवर्क को भूमिगत किए जाने तथा अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित किए जाने का कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या धर्मनगरी हैं ऐसे में जनभावनाओं का सम्मान करते हुए यहां मास-मदिरा उपयोग का निषेध होना चाहिए।

मुख्यमंत्री को बताया गया कि रामपथ (सहादतगंज से नयाघाट) तक निर्माणाधीन है। उक्त परियोजनाओं का 30 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। 31 दिसंबर तक कार्य पूरा हो जाएगा। इसमें यूटिलिटी डक्ट, सीवर लाइन, स्टॅर्म वाटर डेन एवं वाटर पाइप लाइन का कार्य प्रगति पर है। श्री राम जन्मभूमि पथ सुग्रीव किला से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तक जायेगा। मार्ग पर दो लेन बिटुमिन्स एवं 15 मीटर चौड़ाई में पैदल पथ का निर्माण होना है। तथा मार्ग पर विद्युत तारों को भूमिगत करने हेतु यूटिलिटी डक्ट, स्टार्म वाटर डेन, फुटपाथ, स्टोन बेंच का निर्माण कराया जायेगा। 91 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। भक्ति पथ अयोध्या कैंट से अयोध्या मुख्य मार्ग (रामपथ) से हनुमानगढ़ी होते हुये श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तक मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य जिसमें मार्ग के विद्युत तारों को भूमिगत करने हेतु यूटिलिटी डक्ट, फुटपाथ, स्टोन बेंच, सुन्दर स्ट्रीट लाइट का 44 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इसे 31 जुलाई तक पूर्ण करने के निर्देश दिये गये हैं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभागवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गयी, प्राथमिकता तय करते हुये सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाय। अपर मुख्य सचिव ऊर्जा, प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग, प्रमुख सचिव पर्यटन आदि द्वारा विभिन्न बिन्दुओं की जानकारी दी गयी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या विजन के तहत चल रही परियोजनाओं का कार्य यथाशीघ्र पूरा किया जाय। परियोजनाओं में लोक निर्माण विभाग, रेलवे, ऊर्जा, परिवहन, चिकित्सा, शिक्षा, नगर विकास, पर्यटन, सिंचाई, सेतु निगम आदि विभागों की प्रमुख योजनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या को विश्वस्तरीय पर्यटन नगरी बनाए जाने तथा इसके धार्मिक एवं सांस्कृतिक के अनुरूप कार्य करें।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या का स्वरूप जल्द ही बदलेगा। अयोध्या धाम के नाम के अनुकूल भव्यता एवं आकर्षण को बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करें। अयोध्या धाम विश्वस्तरीय नगरी में शुमार होगा। अयोध्या सनातन धर्म का केंद्र बिंदु होगा। अयोध्या में पर्यटन, संस्कृति एवं धार्मिक रूप से सुनियोजित विकास का कार्य तेजगति से चल रहा है। सीएम ने चल रहे विकास कार्यों को और तेजी से चलाकर पूरा करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने शासन के उच्चाधिकारियों को निर्देश दिया कि समय-समय पर अयोध्या आकर करे भौतिक स्थलीय सत्यापन करें।

समीक्षा बैठक में प्रेजेंटेशन के दौरान बताया गया कि एनएच 27 बाईपास से निकलकर मोहबरा बाजार होते हुए टेढ़ी बाजार श्री राम जन्मभूमि तक फोरलेन का 30 प्रतिशत तक कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अयोध्या सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 330 से पुरुषोत्तम भगवान श्री राम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट तक फोरलेन का निर्माण कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। अयोध्या सहित अन्य सभी मार्गों के अयोध्या अकबरपुर-बसखारी मार्ग पर प्रस्तावित मया बाजार फोरलेन बाईपास, सोहावल से नवाबगंज होते हुए विक्रमजोत तक बाईपास/रिंगरोड, 84 कोसी परिक्रमा मार्ग का सुधार एवं विकास, एनएच 227 बी, पंचकोसी परिक्रमा मार्ग का विकास, स्मार्ट रोड धर्म पथ, परिक्रमा मार्ग का विकास, जनपद अयोध्या गुप्तार घाट तक तटबंध के निर्माण हरिश्चंद्र उदय रेस्टोरेशन 98 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के निर्माण में रनवे का 84 प्रतिशत से अधिक हो चुका। भवन निर्माण के कार्य को तेजी से करने के निर्देश दिये गये।

अयोध्या रेलवे स्टेशन प्लेट-फार्म क्षेत्र का विकास, एस्केलेटर एवं लिफ्ट आदि का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। रामघाट पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर बड़ी बुआ रेलवे क्रॉसिंग संख्या 112 पर 2 लेन रेल ऊपरिगामी सेतु का निर्माण 65 प्रतिशत से अधिक पूर्ण कर लिया गया है। इसके अलावा वाराणसी लखनऊ रेल सेक्शन दर्शन नगर के पास फोरलेन रेल ऊपरीगामी क्षेत्र का, 14 कोसी परिक्रमा मार्ग पर सूर्य कुंड स्थित रेलवे समपार संख्या 105 पर 2 लेन उपरिगामी सेतु का कार्य, फतेहगंज समपार संख्या 118 ए पर 2 लेन ऊपरीगामी सेतु, टेढ़ी बाजार चैराहा पूर्वी वाहन पार्किंग एवं दुकानों, निर्माण कार्य, कौसलेस कुंज में वाहन पार्किंग एवं दुकानों का निर्माण कार्य, कुंडों, घाटों सहित अन्य परियोजनाओं के निर्माण कार्य की समीक्षा की गई। बैठक में सांसद श्री लल्लू सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायकगण रामचन्द्र यादव, वेदप्रकाश गुप्ता, डॉ. अमित सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।

## पाकिस्तान में बिपरजॉय को लेकर हाई-अलर्ट, सुरक्षित जगहों पर भेजे गए हजारों लोग

**इस्लामाबाद, एजेंसी** । बेहद खतरनाक बनते जा रहे चक्रवात बिपरजॉय को लेकर पाकिस्तान में भी हाई-अलर्ट है। भारत के साथ ही पाकिस्तान के सिंध प्रांत में भी ,एजेंसी को बिपरजॉय चक्रवात के लैंडफॉल का अनुमान जताया गया है। इसको देखते हुए सिंध प्रांत के हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

सिंध प्रांत के विभिन्न इलाकों के अलावा थट्टा, सुजावल और बादिन से भी हजारों लोग पहले ही चक्रवात के कहर से बचने के लिए अपना घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंच गए हैं। इसी बीच संवेदनशील इलाकों को धूल भरी आंधी, हल्की से भारी बारिश ने अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया है। जिसके चलते कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हुई है।अधिकारियों के मुताबिक, श्रेणी-3 के चक्रवात के गुरुवार शाम कराची (पाकिस्तान) और मांडवी (भारत) में लैंडफॉल का अनुमान जताया गया है। ये भी बताया गया है कि इस दौरान 140 से 150 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है, जो 170 किमी प्रतिघंटे की गति तक जा सकती है।बिपरजॉय चक्रवात के बुधवार को उत्तर की दिशा में बढने् के बाद पूर्व की तरफ दिशा बदलने का अनुमान है। अधिकारियों के मुताबिक बिपरजॉय का लैंडफॉल थट्टा के केटी बांदर और भारत के गुजरात के तटीय इलाकों में हो सकता है।मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक चक्रवात से थट्टा, बादिन, सुजावल, कराची, मीरपुरखास, उमरकोट, हैदराबाद, ओरमारा, टंडो अल्लाहयार और टंडो मोहम्मद खान जैसे इलाके सबसे ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं। अधिकारियों ने पाकिस्तानी सेना, रेंजर्स, जिला प्रशासन की तटीय इलाकों में तैनाती शुरू कर दी है। जिन्होंने सिंध के समुद्र तटीय इलाकों में रहने वाले हजारों लोगों के सुरक्षित स्थानों पर पुनर्वास की कार्रवाई तेज कर दी है।

# मणिपुर हिंसा में हुआ सनसनीखेज खुलासा ! कौन है जिसने एंबुलेंस में भरे उपद्रवी और हथियार ?



**मणिपुर, एजेंस।** मणिपुर में 03 मई से शुरू हुई 'हिंसा' खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही। पिछले 24 घंटे के दौरान भड़की हिंसा में नौ लोगों की मौत हो गई। दर्जनों लोग घायल हुए हैं। खामेनलोक इलाके में रात को जमकर फायरिंग हुई। राज्य में हिंसा शुरू होने के बाद से ही वहां के दोनों प्रमुख समुदाय 'कुकी और मैतेई' एक-दूसरे पर हिंसा करने का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस थानों एवं दूसरी जगहों से लूटे गए करीब छह हजार हथियारों में से 13 जून तक महज 1040 हथियार जमा हुए हैं। अब मणिपुर की हिंसा में एक सनसनीखेज खुलासा हुआ है। वहां इराक युद्ध का जिक्र होने लगा है। ऐसे आरोप लग रहे हैं कि हिंसा में शामिल एक समूह, एंबुलेंस में उपद्रवी और हथियार भर कर ले जा रहा है। यह बात युद्ध पर आधारित सभी अंतरराष्ट्रीय कानूनों के खिलाफ है। इस संबंध में, द इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स वॉच ने इराक युद्ध के दौरान कहा था कि 'सैन्य हमलों के लिए चिकित्सा प्रतीक चिन्ह वाले एंबुलेंस या अन्य किसी चिकित्सा परिवहन का उपयोग, युद्ध के कानूनों का गंभीर उल्लंघन है। इसे युद्ध अपराध के बराबर माना जाता है।

मणिपुर में हिंसा को खत्म कराने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मई के अंतिम सप्ताह में वहां का दौरा किया था। वे एक जून को दिल्ली लौटे थे। उन्होंने सुरक्षा बलों के साथ राज्य की स्थिति पर चर्चा करने के अलावा कुकी और मैतेई समूहों के प्रतिनिधियों से भी बातचीत की थी।

लूटे गए हथियार जमा कराने के लिए लोगों को एक सप्ताह का समय दिया गया था। हालांकि बाद में इसकी अवधि बढ़ा दी गई। इसके साथ ही सुरक्षा बलों ने सर्च ऑपरेशन भी शुरू कर दिया। मणिपुर में कांग्रेस पार्टी की फैक्ट फाइंडिंग टीम ने अपनी रिपोर्ट में गृह मंत्री के 'एक्शन' पर सवाल उठाया था। पार्टी नेताओं का कहना था कि लूटे गए हथियारों और गोला बारूद की खराब बरामदगी, इसका एक सबूत है

। मणिपुर में गृह मंत्री की चेतावनी के बावजूद लूटे गए हथियारों की वापसी की रफ्तार बहुत धीमी है। राज्य में 349 से ज्यादा राहत कैंपों में 50,000 लोग रह रहे हैं। कांग्रेस ने कहा था कि मणिपुर में हो रही हिंसा पर प्रधानमंत्री मोदी को अपनी चुप्पी तोड़ते हुए जल्द से जल्द वहां का दौरा करना चाहिए।

सूत्रों के मुताबिक, मैतेई और कुकी, ये दोनों समुदाय एक दूसरे पर हमला कर रहे हैं। कुकी समुदाय का आरोप है कि मणिपुर पुलिस कमांडो, मैतेई का साथ दे रहे हैं। ऐसा आरोप भी है कि मैतेई समुदाय के लोग कथित तौर पर कुकी बाहुल्य गांवों के खिलाफ अपना अभियान तेज कर रहे हैं। हिंसा में शामिल लोगों और हथियारों को ले जाने के लिए परिवहन के साधन के रूप में एंबुलेंस का उपयोग किया जा रहा है। यह बात युद्ध आधारित सभी अंतरराष्ट्रीय संधियों, समझौतों व कानूनों के खिलाफ है। जिनेवा कन्वेंशन के माध्यम से रेड क्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति ने इस संबंध में कुछ नियम/सिद्धांत निर्धारित किए हैं। द इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स वॉच ने इराक युद्ध के दौरान भी यह बात कही थी कि सैन्य हमलों के लिए चिकित्सा प्रतीक चिन्ह वाले एंबुलेंस या अन्य चिकित्सा परिवहन उपकरण का उपयोग युद्ध के कानूनों का गंभीर उल्लंघन है। इसे युद्ध अपराध की श्रेणी में शामिल किया गया है। इस तरह के हमले, 1977 के जिनेवा सम्मेलनों के अतिरिक्त प्रोटोकॉल, अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय की रोम संविधि और युद्ध के प्रथागत कानूनों के तहत युद्ध अपराध हैं।

# सकारात्मक रणनीतिक परिणाम वाले भारत-अमेरिका के संबंध: व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन ,एजेंसी।** व्हाइट हाउस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राजकीय यात्रा के जरिए अमेरिका यह संदेश देना चाहता है कि भारत और अमेरिका के बीच 'सकारात्मक रणनीतिक परिणामइ वाले संबंध हैं. प्रधानमंत्री मोदी 21 जून को तीन दिवसीय यात्रा पर वाशिंगटन आ रहे हैं. मोदी को राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन ने आधिकारिक राजकीय यात्रा के लिए आमंत्रित किया है. उनकी इस यात्रा में 22 जून को राजकीय रात्रिभोज भी शामिल होगा.

मोदी 23 जून को अमेरिकी कांग्रेस की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे. यह दूसरा अवसर होगा जब मोदी अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित करेंगे. वह इजराइल को छोड़कर तीसरे ऐसे विश्व नेता होंगे जिन्होंने दो बार अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित किया हो। अन्य दो नेताओं में विंस्टन चर्चिल और नेल्सन मंडेला शामिल हैं. मोदी ने इससे पहले 2016 में अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित किया था.

अमेरिका भारत व्यापार परिषद की मंगलवार को आयोजित वार्षिक 'भारत विचार सम्मेलनइ के दौरान प्रधान राष्ट्रीय उप सुरक्षा सलाहकार जॉन फाइनर ने कहा कि वर्षों से प्रशासनों के बीच संबंधों को मजबूत करने के बाद अमेरिका-भारत साझेदारी पहले से कहीं अधिक गहरी और मूल्यवान हुई है. उन्होंने कहा कि हम जो मुख्य संदेश देना चाहते हैं, वह यह है कि दोनों देशों के रिश्ते सकारात्मक रणनीतिक परिणाम वाले हैं. उन्होंने कहा कि हमें लगता है कि हम बहुत अधिक गहराई से जुड़े हुए हैं और कई वैश्विक मुद्दों पर एक दूसरे के साथ महत्वपूर्ण रूप से और करीब आ रहे हैं. साथ ही विभिन्न तरीकों से हम अपनी-अपनी आबादी को लाभान्वित कर सकते हैं.

## तूफान से पहले तेज हवा, समुद्र में उठी उंची लहरे ,देश के 9 राज्यों में अलर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी** । अत्यंत भीषण चक्रवाती तूफान बिपरजॉय फिलहाल ईस्ट सेंट्रल अरब सागर की खाड़ी में बना हुआ है औक धीरे-धीरे उत्तर दिशा की ओर आगे बढ़ रहा है। इस तूफान के 15 जून को सौराष्ट्र-कच्छ और आसपास के इलाकों में पहुंचने की प्रबल संभावना है। इसके बाद यह उत्तर-पूर्वी दिशा की ओर आगे बढ़ेगा और फिर इसके धीरे-धीरे कमजोर होने की संभावना है।गुजरात के सौराष्ट्र और कच्छ क्षेत्रों के साथ-साथ पाकिस्तान के निकटवर्ती क्षेत्रों में चक्रवात बिपरजॉय के आने के बाद से हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। चक्रवात के गुरुवार शाम को लैंडफॉल की भविष्यवाणी की गई है, से जहां तेज हवाएं चल सकती हैं।

# हमने नहीं, नीतीश ने छोड़ा साथ, किसी दल में नहीं करेगी विलय: मांझी



बिहार, एजेंसी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा सेकुलर के संरक्षक सह बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी बुधवार को बिहारशरीफ पहुंचे। जहां उन्होंने दिवगंत आकाश कुमार के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढाढ़स बंधाया। आकाश कुमार की हत्या बीते शुक्रवार को पटना में अज्ञात बदमाशों ने कर दी थी। हालांकि इस मामले में पुलिस के हाथ अब भी खाली हैं। इससे पहले बिहारशरीफ सर्किट हाउस में जीतन राम मांझी ने प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन कर नीतीश कैबिनेट से अलग होने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रेस कांफ्रेंस शुरू होने के पहले ही सर्किट हाउस की बिजली चली गई। जीतन राम मांझी ने इस पर चुटकी लेते हुए कहा कि जानबूझ कर काट दी क्या जी।

जीतन राम मांझी ने बताया कि संतोष मांझी ने नीतीश कैबिनेट से जो इस्तीफा दे दिया है, उसका कारण यह है कि हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा का गठन 2015 में हुआ था। इस मकसद से कि जीतन राम मांझी 2014 और 2015 में नौ महीने के लिए जब मुख्यमंत्री बना था तो उस समय कुछ अहम फैसला समाज के लिए, बिहार के विकास के लिए लिया गया था। और तुरंत मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। तब हमारे लोगों ने उस समय यह एहसास किया कि जो निर्णय लिए गए थे। उनमें 34 निर्णय बहुत ही महत्वपूर्ण निर्णय थे। उसको लागू करने के लिए एक पार्टी बनाकर उसे पूरा किया जाए। और पार्टी बनाकर हम लोगों ने नीतीश कुमार जी के साथ रहने का फैसला लिया था।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा की सात जून को मुख्यमंत्री ने समय दिया मिलने के लिए और हम सभी विधायक और एक एमएलसी मिलने के लिए पहुंचे। मिलने का संदर्भ यह था कि सभी के जो चुनाव क्षेत्र हैं, वहां के विकास के मामले थे, ट्रांसफर-पोस्टिंग के मामले थे। सब कोई अपनी बात को रखना चाहते थे। वहां गए थे करीब 45 मिनट तक हम लोगों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। उसमें 35 मिनट तक मुख्यमंत्री लगातार बोलते रहे और उन्होंने कहा कि कहां आप, कहां पड़े हुए हैं। आप मेरे दल में आ जाइए और साथ मिलकर काम कीजिए। हम आपको इतना प्यार, सम्मान और इज्जत देते हैं।मुख्यमंत्री के कहते-कहते हमें बीच में कहना पड़ा कि हमने सुना है कि बूढ़े लोग सिर्फ अपनी ही बातें करते हैं। एक तो हम बूढ़े हैं और हमें लगता है कि हमसे ज्यादा बूढ़े आप हो गए हैं जो लगातार अपनी ही बातें कह रहे हैं। हम लोगों को भी बोलने का मौका दीजिए। उसी दौरान उन्होंने कह दिया था कि पार्टी का जहां तक सवाल है, आप जनता दल यूनाइटेड में मिल जाइए नहीं तो बाहर चले जाइए। दो बार उन्होंने इस बात को रिपीट किया। बावजूद उन्होंने इस बात को गंभीरता पूर्वक नहीं लिया।

जीतन राम मांझी ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि पार्टी का विलय छोड़कर सब शर्तें हमें मंजूर हैं। उन्होंने कहा कि हम कोर कमिटी बुलाकर एक बैठक करेंगे और उसके बाद ही इस बात पर निर्णय लेंगे। कोर कमिटी की बैठक में हम लोग 11 सदस्य शामिल हुए। सभी सदस्यों ने यही निर्णय लिया कि किसी भी सूरत में पार्टी का विलय नहीं होना चाहिए। जीतन राम मांझी ने कहा कि वह जब भी मुख्यमंत्री से हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा सेकुलर के बारे में बात करना चाहते थे तो मुख्यमंत्री विजय चौधरी पर बात टाल देते थे। कहते थे कि आपको जो भी समस्या है वह विजय चौधरी जी को बताएं।उन्होंने कहा कि 12 जून को हम सीधे विजय चौधरी के पास गए और उन्हें बताया कि हमारी पार्टी के लोग विलय के लिए तैयार नहीं है। इसके बाद विजय चौधरी ने कहा कि आप अगर विलय करने के लिए तैयार नहीं है तो बाहर चले जाइए। इसके बाद वहां से निकलने के बाद उन्होंने मंत्री संतोष मांझी को इस्तीफा देने की बात कही और संतोष मांझी ने अपना त्यागपत्र दे दिया।जीतन राम मांझी ने शराबबंदी पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि नीतीश कुमार ने शराब नीति बनाई बहुत अच्छी बात है। हमारे यहां शराब बनती थी। हमारे माता-पिता शराब पीते थे, बेचते थे। लेकिन हम आज तक शराब को हाथ नहीं लगाए, क्योंकि हम जानते हैं कि शराब बहुत खराब है। शराबबंदी का जो बिहार में इंप्लीमेंटेशन हो रहा है। इसमें गरीबों को बहुत परेशानी हो रही है। बड़े कारोबारी पैसे देकर छूट जा रहे हैं। मजदूर अगर शराब पी रहा है तो उसे जेल भेज दिया जा रहा है। आज करीब पांच लाख लोग शराब के कारण जेल में हैं। उनमें तीन से 3.50 लाख लोग गरीब तबके के मजदूर लोग हैं। हमने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि शराबबंदी पर समीक्षा कीजिए।एक सवाल के जवाब में कि जीतन राम मांझी ने आरोप लगाया था कि वह छोटी दुकान क्यों चला रहे हैं। इसका जवाब देते हुए मांझी ने कहा कि दुकान चलाने का मतलब होता है खरीद-फरोख्त। वे बड़े आदमी हैं, नेशनल लीडर हैं। इतनी छिछली बात उनके मुंह से शोभा नहीं देती है। वे साबित करें कि क्या हमने गिव एंड टेक किया है। हमारी पार्टी छोटी है या बड़ी है, इसका कोई मतलब नहीं है। अगर खरीद-फरोख्त की बात होती तो याद कीजिए 19 फरवरी 2015 को एक पॉकेट में रेजिग्नेशन लेटर और दूसरे पॉकेट में एसेम्बली भंग करने का लेटर था। अगर महत्वाकांक्षा होती, गिव एंड टेक करने की बात होती तो हम असेंबली वाला लेटर बढ़ाते और छह महीने और मुख्यमंत्री रह सकते थे।

# मेजर लीग क्रिकेट के पहले संस्करण का आयोजन 13 जुलाई से



नई दिल्ली,संयुक्त राज्य अमेरिका की मेजबानी में खेले जाने वाले मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के पहले संस्करण का आयोजन 13 से 30 जुलाई तक किया जाएगा। इस लीग के लिए डलास और मॉरिसविले को दो स्थानों के रूप में चुना गया है।

उद्घाटन सत्र में छह टीमें शामिल होंगी, जिनमें से चार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से जुड़ी होंगी।भाग लेने वाली आईपीएल फ्रेंचाइजी इस प्रकार हैंः चेन्नई सुपर किंग्स (टेक्सास सुपर किंग्स), मुंबई इंडियंस (एमआई न्यूयॉर्क), कोलकाता नाइट राइडर्स (लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स) और दिल्ली कैपिटल्स (सिएटल ओरकास)।शेष दो टीमें वाशिंगटन फ्रीडम और सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स हैं, दोनों में भारतीय हितधारक भी हैं। लीग के मैच डलास के ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम और मॉरिसविले के चर्च स्ट्रीट पार्क में खेले जाएंगे।

शुरू में लीग के मैच ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में 13 से 18 जुलाई तक खेले जाएंगे, इसके बाद मैच चर्च स्ट्रीट पार्क में खेले जाएंगे। इसके बाद 27 जुलाई से 30 जुलाई तक होने वाले प्लेऑफ़ और फ़ाइनल मैच वापस ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में खेले जाएंगे। उद्घाटन मैच टेक्सास सुपर किंग्स और एलए नाइट राइडर्स के बीच खेला जाएगा।एमएलसी के अनुसार, टूर्नामेंट में छह एमएलसी टीमों का प्रतिनिधित्व करने के लिए दुनिया के कई शीर्ष क्रिकेटर शामिल होंगे। मैच दूधिया रोशनी में खेले जाएंगे, भारत में खेलों के प्रसारण अधिकार वायकॉम 18 द्वारा सुरक्षित किए गए हैं।

टूर्नामेंट का कार्यक्रम इस प्रकार हैः

डलास के ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में खेले जाने वाले मैच–

13 जुलाईः टेक्सास सुपर किंग्स बनाम एलए नाइट राइडर्स।

14 जुलाईः एमआई न्यूयॉर्क बनाम एसएफ यूनिकॉर्न्स; सिएटल ह्रह्रष्ठ्ठह्य बनाम वाशिंगटन फ्रीडम।

15 जुलाईः एसएफ यूनिकॉर्न्स बनाम सिएटल ओरकास।

16 जुलाईः टेक्सास सुपर किंग्स बनाम वाशिंगटन फ्रीडम; एलए नाइट राइडर्स बनाम एमआई न्यूयॉर्क।

17 जुलाईः टेक्सास सुपर किंग्स एमआई न्यूयॉर्क।

18 जुलाईः एलए नाइट राइडर्स बनाम एसएफ यूनिकॉर्न्स।

19 जुलाईः ब्रेक

मॉरिसविले में चर्च स्ट्रीट पार्क में खेले जाने वाले मैच–

20 जुलाईः वाशिंगटन फ्रीडम बनाम ला नाइट राइडर्स

21 जुलाईः सिएटल ऑर्कास बनाम टेक्सास सुपर किंग्स

22 जुलाईः वाशिंगटन फ्रीडम बनाम एसएफ यूनिकॉर्न्स

23 जुलाईः एलए नाइट राइडर्स बनाम सिएटल ओरकास; एमआई न्यूयॉर्क बनाम वाशिंगटन फ्रीडम

24 जुलाईः एसएफ यूनिकॉर्न्स बनाम टेक्सास सुपर किंग्स

25 जुलाईः एमआई न्यूयॉर्क बनाम सिएटल ओरकास

डलास में ग्रांड प्रेयरी स्टेडियम में खेले जाने वाले प्लेऑफ़ मुकाबले–

27 जुलाईः सीड 3 बनाम सीड 4 (एलिमिनेटर मैच); सीड 1 बनाम सीड 2 (क्वालीफायर मैच)

28 जुलाईः क्वालीफायर लूजर बनाम एलिमिनेटर विनर (चैलेंजर मैच)

30 जुलाईः क्वालीफायर विनर बनाम चैलेंजर विनर (फाइनल)।

# इतालवी फुटबॉल महासंघ की 125वीं वर्षगांठ पर जारी की गई विशेष किट



मिलान, इटली और एडिडास ने इतालवी फुटबॉल महासंघ की 125 वीं वर्षगांठ के लिए एक विशेष किट जारी की है।26 मार्च, 1898 को स्थापित इतालवी फुटबॉल महासंघ की 125वीं वर्षगांठ पर एडिडास ने राष्ट्रीय टीम के लिए यूएफा नेशंस लीग में टीम के आगामी मैचों में पहनने के लिए एक विशेष किट तैयार की है।

इटली शुक्रवार को यूईएफए नेशंस लीग के सेमीफाइनल में स्पेन से भिड़ेगा।

इतालवी फुटबॉल महासंघ की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, यह विशेष किट 1910 में अपने उद्घाटन मैच (इटली–फ्रांस 6–2, मिलान में एरिना सिविका में) में इतालवी राष्ट्रीय फुटबॉल टीम द्वारा पहनी गई पहली किट से मिलती–जुलती है, जर्सी सफेद व गोल्डन कलर की है और इस पर इतालवी राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का लोगो है। इसके अलावा जर्सी पर एक सुनहरा लॉरेल और इतालवी फुटबॉल महासंघ (1898–2023) की 125 वीं वर्षगांठ का विवरण है।

गेब्रियल ग्रेविना, इतालवी फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष ने कहा, एडिडास के साथ सहयोग के लिए धन्यवाद, हम इतालवी फुटबॉल महासंघ की स्थापना की 125वीं वर्षगांठ, इतिहास और आधुनिकता में डूबी एक प्रतिष्ठित जर्सी के साथ मना रहे हैं। वर्षगांठ किट पूरी तरह से हमारे दृष्टिकोण की व्याख्या करती है। इतालवी फुटबॉल टीम ने ओलंपिक फुटबॉल टूर्नामेंट, चार फीफा विश्व कप और दो यूईएफए यूरोपीय चैंपियनशिप जीता है।

# एशिया कप में खेलेगा केएल राहुल! चोट के कारण टीम से चल रहा था बाहर



नईदिल्ली, आईपीएल 2023 के बीच चोटिल होकर टूर्नामेंट से बाहर होने वाले भारतीय टीम के बल्लेबाज केएल राहुल अब टीम में वापसी की तैयारी कर रहे है। उन्होंने इसके लिए रिहैब शुरू कर दी है। आपको बता दें की चोट के कारण ही वो वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी नहीं खेल सके थे।

रिपोर्ट की माने तो केएल राहुल एशिया कप तक फिट होना चाहते है और टीम में वापसी करना चाहते है। यह साल वैसे क्रिकेट के लिहाज से बड़ा महत्वपूर्ण है और उसका कारण यह है की इस साल एशिया कप के बाद में वनडे विश्व कप की शुरूआत भी होने वाली है।

रिपोटर्स के अनुसार कुछ दिन पहले ही केएल राहुल ने सोशल मीडिया पर अपनी सर्जरी के सफल होने को लेकर एक पोस्ट डाली थी। इसके बाद अब उन्होंने रीहैब भी शुरू कर दिया है। आपको बता दें की आईपीएल 2023 में लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल को आरसीबी के खिलाफ मैच के दौरान चोट लगी थी। जिसके बाद वो बाहर हो गए थे।

## वेस्टइंडीज दौरे के बाद रोहित शर्मा पर होगा फैसला, हाथ से जा सकती है टेस्ट कप्तानी!

नईदिल्ली, भारतीय क्रिकेट टीम को हाल ही में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। जिसके बाद से ही रोहित शर्मा की कप्तानी पर उंगली उठना शुरू हो गया है। ऐसे में अब भारतीय टीम एक बार फिर से अगले महीने में वेस्टइंडीज का दौरा करने जा रही है और वहां भी टीम को टेस्ट मैच खेलने है।ऐसे में अब सवाल ये उठ रहा है की रोहित शर्मा टेस्ट टीम की कप्तानी करेंगे या फिर छोड़ देंगे। अगर उन्हें अब कप्तान बने रहना है तो वेस्टइंडीज में शानदार प्रदर्शन करना होगा। ऐसे में ये टेस्ट सीरीज उनके करियर के लिए काफी अहम रहने वाली है। हालांकि खबरें तो यही है की रोहित शर्मा वेस्टइंडीज में दो टेस्ट की सीरीज में टीम की अगुआई करेंगे और इसके बाद बीसीसीआई उनके भविष्य पर फैसला करेगा।

# आईबीएसए वर्ल्ड गेम्स 2023 में हिस्सा लेगी भारतीय नेत्रहीन महिला क्रिकेट टीम



बेंगलुरु, क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया (सीएबीआई) ने आगामी इंटरनेशनल ब्लाइंड स्पोर्ट्स फेडरेशन वर्ल्ड गेम्स 2023, बर्मिंघम में अपनी भागीदारी की घोषणा की। खेलों का आयोजन 18 से 27 अगस्त के बीच होना है और विश्व खेलों में पहली बार ब्लाइंड क्रिकेट को शामिल किया गया है।भारतीय पुरुष और महिला नेत्रहीन क्रिकेट टीमों ने पहले ही टूर्नामेंट के लिए पंजीकरण करा लिया है। टीमों को आने वाले महीनों में बेंगलुरु में प्रशिक्षित होने की उम्मीद है।

सीएबीआई ने 16 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा की जो खेलों में भाग लेगी जबकि पुरुषों की टीम की घोषणा जल्द ही की जाएगी। टीम में बी1 और बी3 वर्ग के छह–छह खिलाड़ी और बी2 वर्ग के चार खिलाड़ी शामिल हैं। महिला टीम ने हाल ही में विश्व खेलों की तैयारी के लिए काठमांडू में नेपाल के खिलाफ पांच मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला खेली थी।

विश्व खेलों में राष्ट्रीय टीम की भागीदारी पर बोलते हुए, सीएबीआई के अध्यक्ष, डॉ. महंतेश जी. किवादासन्नवर ने कहा, यह भारत में ब्लाइंड क्रिकेट के लिए एक गर्व का क्षण है क्योंकि हमारी टीम विश्व खेलों में भाग लेगी जहां क्रिकेट को पहली बार शामिल किया गया है। इन खेलों से खिलाडियों को अच्छा प्रदर्शन मिलेगा और मुझे उम्मीद है कि वे शानदार प्रदर्शन करेंगे और हमारे देश को गौरवान्वित करेंगे।

आईबीएसए वर्ल्ड गेम्स 2023 के लिए भारतीय महिला टीम इस प्रकार है–

बी1 वर्ग– वर्षा यू, वलसनैनी रवन्नी, सिमू दास, पद्मिनी टुडू, किल्लक संध्या,प्रिया।


बी2 वर्ग– गंगव्वा नीलप्पा हरिजन, सांद्रा डेविस करीमालिक्कल,बसंती हांसदा, प्रीति प्रसाद।

बी3 वर्ग– सुषमा पटेल, एम. सत्यवती, फूला सरीन, झिली बिरुआ, गंगा संभाजी कदम, दीपिका टी.सी.।

## फिल्मी सफर

# आदिपुरुष का एडवांस बुकिंग में शानदार प्रदर्शन, 50,000 से ज्यादा टिकट बिके

ओम राउत की फिल्म आदिपुरुष की रिलीज में अब कुछ ही दिन रह गए हैं और इसको लेकर दर्शकों का उत्साह बढ़ता जा रहा है। फिल्म का प्रचार अंतिम चरण में चल रहा है और निर्माता इसमें कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। रविवार से फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है, जिसे दर्शकों की ओर से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। एक दिन में फिल्म के देश भर में 50,000 से ज्यादा टिकट बेचे जा चुके हैं।



प्रभास और कृति सैनन अभिनीत आदिपुरुष की एडवांस बुकिंग 11 जून से शुरू हुई थी और पहले दिन से यह अच्छा प्रदर्शन कर रही है।रिपोर्ट के अनुसार, आदिपुरुष ने पहले दिन ही 50,000 से ज्यादा टिकट की बिक्री कर 1–2 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सबसे ज्यादा टिकट की बिक्री नेशनल चेन पीवीआर, सिनेपोलिस और आईनॉक्स में हो रही है, जहां लगभग 35,000 टिकट बेचे जा चुके हैं और सिलसिला अभी भी जारी है।

शाहरुख खान की पठान हिंदी सिनेमा की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है। यह 3 बड़ी नेशनल चेन की एडवांस बुकिंग में बॉलीवुड में सबसे ज्यादा 5.56 लाख टिकट बेचने में सफल रही थी। हालांकि, हिंदी में सबसे ज्यादा टिकट बेचने का रिकॉर्ड बाहुबली 2 के नाम है, जिसने 6.50 लाख टिकट बेचे थे। इसके अलावा एडवांस बुकिंग में केजीएफ 2 ने 5.05 लाख और वॉर ने 4.04 लाख टिकट बेचे थे। अब सबकी निगाहें आदिपुरुष पर हैं। एक ओर आदिपुरुष को लेकर दर्शक उत्सुक हैं तो दूसरी ओर इसे फिल्मी सितारों का भी बड़े पैमाने पर समर्थन मिल रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रणबीर कपूर, अनन्या बिड़ला, राम चरण और निर्माता अभिषेक अग्रवाल फिल्म के 10,000 टिकट बुक करने का ऐलान कर चुके हैं। उन्होंने इन सभी टिकट को समाज के वंचित वर्ग के बीच मुफ्त में वितरित करने का फैसला किया है। इसमें कुछ विशेष प्रशंसक भी शामिल हो सकते हैं। आदिपुरुष के दूसरे ट्रेलर की रिलीज के दौरान मेकर्स ने ऐलान किया था कि हर सिनेमाघर में एक सीट भगवान हनुमान के लिए बुक रहेगी। ऐसे में खबरें आने लगी थीं कि उनके पास वाली सीट की कीमत बाकी सीटों के ज्यादा होगी। हालांकि, मेकर्स ने बयान जारी करते हुए कहा था कि हनुमान जी के पास वाली सीट की कीमत बढने की खबरें अफवाह हैं।

## अली फजल की कंधार ओटीटी रिलीज के लिए तैयार

अली फजल मौजूदा वक्त में अपनी हॉलीवुड फिल्म कंधार की लेकर खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। इसमें वह अभिनेता जेरार्ड बटलर के साथ नजर आ रहे हैं। अभिनेता नाविद नेगाहबान ने भी फिल्म में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई है। कंधार 26 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म अपनी ओटीटी रिलीज के लिए तैयार है।

ऐसे में जो दर्शक इस फिल्म सिनेमाघरों में नहीं देख पाए अब वो इसे घर बैठे आराम से देख सकते हैं। कंधार का प्रीमियर 16 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर किया जाएगा। प्राइम वीडियो ने ट्विटर पर कंधार का पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, अफगानिस्तान के दिल में समय के खिलाफ दौड़ में एक अंडरकवर सीआईए ऑपरेटिव।

# जी करदा के लिये उत्साहित है तमन्ना भाटिया

बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया अपनी आने वाली वेबसीरीज जी करदा के लिये उत्साहित है। दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित जी करदा अरुणिमा शर्मा द्वारा लिखित और निर्देशित है और हुसैन दलाल और अब्बास दलाल द्वारा सह–लिखित है। आठ एपिसोड के इस शो में तमन्ना भाटिया के अलावा आशिम गुलाटी, सुहैल नय्यर, अन्या सिंह, हुसैन दलाल, सायन बनर्जी, संवेदना सुवालका, सिमोन सिंह और मल्हार ठाकर की भी अहम भूमिका है।तमन्ना भाटिया जी करदा के लिये बेहद उत्साहित है।



तमन्ना भाटिया ने कहा, 'जी करदा' में काम करना कमाल का एक्सपीरियंस रहा क्योंकि मैंने लाइफ में ऐसा कोई किरादर प्ले नहीं किया था। इससे पहले मैंने कॉमेडी की है या बहुत डार्क कैरेक्टर किए हैं।मैं 'जी करदा' के लिए सच में बहुत एक्साइटेड हूं। इससे पहले मैंने ऑन सॉन्ग स्ट्रक्चर्स में काम किया है। आज तक मुझे ऐसा रोल निभाने का मौका नहीं मिला जो मुझसे इतना क्लोज हो।

जी करदा वेब सीरीज मेरे लिए काफी खास है क्योंकि इससे पहले ज्यादातर मैंने लार्जर दैन लाइफ कैरेक्टर किए हैं या सिनेमैटिक पोट्रेट ऑफ थिंग्स किए हैं, लेकिन यह मेरा बहुत रियलिस्टिक प्रेजेंटेशन रहेगा।

# सलमान खान के शो बिग बॉस ओटीटी 2 में भाग लेंगी मनीषा रानी

बिहार की एक लोकप्रिय सोशल मीडिया प्रभावकार, मनीषा रानी, बिग बॉस ओटीटी 2 में प्रवेश करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जो इस सप्ताह शुरू होगा। सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो में अन्य पुष्टि किए गए नामों में पलक पुरस्वामी, अविनाश सचदेव, जिया शंकर और सिमा तापारिया शामिल हैं। अब, मनीषा रानी बिग बॉस ओटीटी 2 की पुष्टि की गई सूची में शामिल होने वाली अगली महिला हैं।

मनीषा रानी बिहार की रहने वाली एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं। उन्हें बिग बॉस ओटीटी के इस सीजन की अर्चना गौतम और शहनाज गिल कहा जा रहा है। जैसे अर्चना ने अपना यूपी स्वैग दिखाया और शहनाज़ ने अपना पंजाबीपन दिखाया, वैसे ही मनीषा अपने बिहारी स्वैग और शो में अपनी जड़ों से विकसित हुई बुद्धिमत्ता पर ध्यान देंगी। मनीषा को आखिरी बार द कपिल शर्मा शो में देखा गया था और सोशल मीडिया पर उनकी जबरदस्त फॉलोइंग है। वह बिहार के मुंगर की रहने वाली हैं और वाणिज्य में स्नातक हैं। उन्होंने एक कोरियोग्राफर के रूप में शुरुआत की और मॉडलिंग और लिप–सिंकिंग में अपना हाथ आजमाया। मनीषा को टिकटॉक वीडियो से प्रसिद्धि मिली और वह एक यूट्यूबर भी हैं। मनीषा रानी इससे पहले डांस इंडिया डांस में भाग ले चुकी हैं, लेकिन भोजपुरी में उनके सोशल मीडिया पोस्ट ने उन्हें जनता के बीच प्रसिद्ध कर दिया। इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर उनके 4 मिलियन से ज्यादा फैन हैं। वह अर्चना गौतम की तरह मुखर होने के लिए जानी जाती हैं। शहनाज की तरह वह भी अपने मन की बात कहने के लिए जानी जाती हैं। मनीषा हमेशा से बिग बॉस का हिस्सा बनने की इच्छुक रही हैं। यहां तक कि पिछले साल भी उन्हें वाइल्ड कार्ड एंट्री माना गया था, लेकिन बात नहीं बनी। मनीषा पिछले साल बिहार से मुंबई चली गईं और सोशल मीडिया प्रभावकार के रूप में कई कार्यक्रमों में भाग लिया। वह इस महीने अबु धाबी में हुए आईफा अवॉर्ड्स का भी हिस्सा थीं, जहां वह स्पेशल गेस्ट के तौर पर गई थीं। बिग बॉस ओटीटी 2 का प्रीमियर 17 जून को जियोसिनेमा पर होने वाला है। इस बार करण जौहर की जगह सलमान खान शो को होस्ट करेंगे।

# कृति सैनन बतौर निर्माता करने जा रहीं नई शुरुआत, फिल्म में अभिनय करती भी आएंगी नजर

कृति सैनन इन दिनों अपनी फिल्म आदिपुरुष की रिलीज को लेकर व्यस्त चल रही हैं। 16 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली इस फिल्म में अभिनेत्री प्रभास के साथ नजर आएंगी। इस सबके बीच अब अभिनेत्री से जुड़ी एक और खबर सामने आ रही है कि वह बतौर निर्माता अपनी नई शुरुआत करने जा रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, कृति एक डिजिटल फिल्म बना रही हैं, जिसकी वह निर्माता भी होंगी और इसमें अभिनय भी करेंगी।

रिपोर्ट के अनुसार, कृति को फिल्म की कहानी पसंद आई थी, जिसके बाद उन्होंने इसका निर्माता बनने का निर्णय ले लिया। सूत्र ने कहा, कृति हमेशा फिल्म निर्माण के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानने के लिए उत्सुक रहती हैं और प्रोडक्शन में भी दिलचस्पी है इसलिए जब उन्होंने स्क्रिप्ट सुनी तो वह अभिनय के साथ निर्माता बनने के लिए राजी हो गईं। सूत्र ने बताया कि यह फिल्म एक लाइफ ड्रामा होगी, जो सीधे ओटीटी पर आएगी।



कृति ने साल 2014 में टाइगर श्रॉफ के साथ हीरोपंती से बॉलीवुड में कदम रखा था। अब अगले साल उन्हें इस इंडस्ट्री में 10 साल हो जाएंगे। इसी को लेकर सूत्र ने कहा, कृति अगले साल फिल्म इंडस्ट्री में अपने 10 साल पूरे कर लेंगी और ऐसे में उन्हें लगता है कि यह समय इस कदम को उठाने के लिए एकदम सही है। फिलहाल इस अनटाइटल्ड फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।

कृति ने बॉलीवुड में अपने 8 साल पूरे होने पर मई 2022 में द ट्राइब नाम से अपना फिटनेस स्टार्टअप शुरू किया था।

अभिनेत्री ने कहा था, मैं सिर्फ इतना कहना चाहूंगी कि अपने जुनून को खोजो। जब आप किसी चीज के लिए जुनूनी होते हैं तो आप इसे अच्छी तरह से करते हैं।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com